# सर्वाइवर एलायंस वर्ल्ड कांग्रेस 2021 रिपोर्ट

तस्करी विरोधी और दासता विरोधी कार्य के अगले दशक की अगुवाई करते सर्वाइवर

नवम्बर, 2022

# सर्वाइवर एलायंस वर्ल्ड कांग्रेस 2021

## प्रायोजक और भागीदार

## सर्वाइवर एलायंस के बारे में

सर्वाइवर एलायंस, एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) है जिसका मिशन दुनिया भर में दासता और मानव तस्करी के सर्वाइवरों को एकजुट करना और उन्हें सशक्त बनाना है। मानव तस्करी के तीन सर्वाइवरों द्वारा स्थापित हमारा संगठन, सर्वाइवरों का है, उनके द्वारा और उनके लिए है। हमारा मानना है कि सर्वाइवरों में निवेश करना एक प्रमुख तस्करी विरोधी हस्तक्षेप है। बहुत लंबे समय से, तस्करी विरोधी कार्यों में सर्वाइवरों की उपेक्षा की गई है और उनके मुद्दों को सिर्फ प्रतीकात्मक तरीके से उठाया गया है। दुनिया भर में मानव तस्करी के सर्वाइवर को एकजुट कर सामूहिक शक्ति का निर्माण कर, सर्वाइवर एलायंस सामाजिक न्याय के लिए एक अंतरानुभागीय दृष्टिकोण का अनुसरण करता है। हम मानते हैं कि मानव तस्करी के सर्वाइवर केवल इस विशेष आघात के उनके अनुभव से कहीं अधिक हैं, और हम सभी को ऐसा करने के लिए आमंत्रित करते हैं। हमारा दृष्टिकोण सामुदायिक बहाली (हीलिंग) और न्याय के साथ व्यक्तिगत बहाली (हीलिंग) और न्याय को शामिल करता है।

सर्वाइवरों को सशक्त बनाकर - जिसका अर्थ संसाधन, समर्थन और प्रशिक्षण प्रदान करना है - हम शिक्षित, आत्म-जागरूक और सक्षम सर्वाइवर नेताओं के विकास का समर्थन कर रहे हैं, ताकि सर्वाइवर अपनी आंतरिक शक्ति का उपयोग कर सकें। हम सर्वाइवरों के साथ काम करने की अपनी सीख और कार्यप्रणाली को साझा करते हैं और अपने सदस्यों को तस्करी विरोधी आंदोलन के अवसरों से जोड़ते हैं। ऐसा करने की प्रक्रिया में, हम सर्वाइवरों के साथ कैसे जुड़ना है और सर्वाइवर-सहयोगी सहयोग को कैसे बढ़ाना है, इस क्षेत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। हमारे सभी कार्यक्रमों में, हम सार्थक सर्वाइवर समावेशन, आर्थिक सशक्तिकरण और खुशहाली पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जून 2022 तक, हमारे 25 से अधिक देशों में 550 सदस्य हैं। हमारे बारे में अधिक जानने के लिए कृपया हमारी वेबसाइट: www.survivoralliance.org देखें।

## रिपोर्ट की तैयारी और लेखन

मुख्य लेखक: लारा पॉवर्स
सहायक लेखक, समन्वयक और संपादक: मिन्ह डांग और डेनिएला फोन्कात्ज़
डिज़ाइनर:
अनुवादक: सुनीता भदौरिया अनुवाद संपादक: शर्मीला भूषण
इस रिपोर्ट को बनाने के लिए सर्वाइवर एलायंस वॉक फ्री फाउंडेशन को उनके उदार समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता है।

# परिचय

2021 सर्वाइवर एलायंस वर्ल्ड कांग्रेस (संक्षिप्त में "कांग्रेस") आधुनिक दासता और मानव तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय लड़ाई में सर्वाइवर नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था। पहली बार, एक तस्करी विरोधी सम्मेलन में सर्वाइवर नेताओं ने योजना समिति के सदस्यों, वक्ताओं और प्रतिभागियों के रूप में हमारे सहयोगी सहकर्मियों की संख्या को पीछे छोड़ दिया। सर्वाइवर नेताओं में, 18 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्क, सभी जेंडर के लोग और किसी भी प्रकार की मानव तस्करी या दासता के सर्वाइवर शामिल थे।

सामूहिक संस्था की शक्ति और मान्यता को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस की परिकल्पना की गई थी। सर्वाइवर एलायंस का मानना है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानव तस्करी के सर्वाइवरों के बीच एकता सभी के लिए वास्तविक और स्थायी स्वतंत्रता ला सकती है। इसे मज़बूत सर्वाइवर-सहयोगी  संबंधों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए भी डिजाज़ान किया गया था। वैश्विक कोविड -19 महामारी के दौरान ऑनलाइन रूप से संचालित कांग्रेस के उद्देश्यों में दुनिया भर में सर्वाइवर नेताओं को एकजुट करना, पेशेवर सर्वाइवर नेटवर्क के भीतर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और हमारे सहयोगी सहकर्मियों के साथ, सर्वाइवर नेतृत्व क्षमता का निर्माण करना, और सहयोगी के लिए सर्वाइवर-केंद्रित दृष्टिकोण को मज़बूत करना शामिल था। तस्करी विरोधी (एंटी-ट्रैफिकिंग) सेक्टर के छह अलग-अलग पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सर्वाइवर और सहयोगी प्रतिभागियों ने सर्वाइवर नेतृत्व से संबंधित विषयों पर चर्चा की, और क्षेत्र में सहयोगियों और वैश्विक नेताओं के रूप में सर्वाइवर समावेशन के समाधान के लिए विचार मंथन किया।

यह रिपोर्ट बताती है कि कांग्रेस ने कैसे इन उद्देश्यों को प्राप्त करने की योजना बनाई, यह अंतर्राष्ट्रीय तस्करी विरोधी समुदाय के व्यापक संदर्भ में कांग्रेस के दौरान हुई चर्चाओं का विश्लेषण करती है, सीखे गए प्रमुख सबक साझा करती है, और इस उत्प्रेरक कार्यक्रम द्वारा उत्पन्न परिवर्तन की गति को बनाए रखने के लिए सर्वाइवर एलायंस की योजना का नक्शा तैयार करती है।

इस पूरी रिपोर्ट में आप "सत्र का विचार" या "सत्र के मुख्य बिन्दु" देखेंगे जो सर्वाइवर-सहयोगी कार्य समूहों के दौरान समृद्ध चर्चाओं से आने वाले कुछ विचारों और गहन चिंतन को उजागर करते हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि ये विचार अगले दशक में सर्वाइवर नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए और अधिक बातचीत, अधिक रणनीतियों और अधिक जुड़ाव को प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे।

इस रिपोर्ट में साझा किए गए विचार विश्व कांग्रेस के दौरान की गई बातचीत और योगदान पर आधारित हैं और ज़रूरी नहीं कि चर्चा किए गए विभिन्न विषयों पर सर्वाइवर एलायंस के विचारों को प्रस्तुत करते हों।

# विषयसूची


विज़न और मिशन 6

योजना और एजेंडा 7

विश्व कांग्रेस के उद्देश्य 8

उद्देश्य 1. तस्करी विरोधी प्रयासों में संलग्न होने के लिए सर्वाइवर एलायंस के नेताओं की नेतृत्व क्षमता का निर्माण करना 9

उद्देश्य 2. अंतरराष्ट्रीय सर्वाइवर नेता सहयोग को बढ़ावा देना 10

उद्देश्य 3. एक बहु-हितधारक, तस्करी विरोधी विचारकों के बहुराष्ट्रीय समूह को इकट्ठा करना 11

उद्देश्य 4. सर्वाइवर नेताओं के साथ सहयोग करने के लिए सहयोगियों की क्षमता में वृद्धि करना 11

कार्य प्रणाली 12

कार्यक्रम के प्रकार 13

समता और खुशहाली (इक्विटी और वेलनेस) 15

उपलब्धता 15

टेक्नालजी 16

चर्चा: अगले दशक की अगुवाई करेंगे सर्वाइवर 17

सर्वाइवर प्रत्यक्ष सेवा के ज़िम्मेदार होंगे 17

सर्वाइवर परोपकार (फिलैन्थ्रोपी) की अगुवाई करेंगे 20

सर्वाइवर मीडिया और प्रतिनिधित्व की अगुवाई करेंगे 22

सर्वाइवर शोध की अगुवाई करेंगेwhen u 25

सर्वाइवर नीतिगत कार्य और पैरवी की अगुवाई करेंगे 27

सर्वाइवर क्षमता निर्माण में (सर्वाइवर साथियों के लिए) अगुवाई करेंगे 29

मॉनिटरिंग, मूल्यांकन, और ज्ञानवर्धन (एमईएल) 30

सीमाएं और सीखे गए सबक 34

**न्यायसंगत पहुँच** 34

**कोविड -19** 34

**ऑनलाइन वैश्विक आयोजन** 35

संदर्भ 38

# विज़न और मिशन

सर्वाइवर एलायंस (एसए) एक ऐसी दुनिया की परिकल्पना करता है जहाँ मानव तस्करी और दासता[1] के सर्वाइवर समाज के संपन्न सदस्य हों। इस विज़न की खोज में, एसए का मिशन दुनिया भर में सर्वाइवरों को एकजुट और सशक्त बनाना है क्योंकि मानव अपने समुदायों से अलग और हाशिए पर रहकर कामयाब नहीं हो सकता है (चारुवस्त्र एंड क्लॉइटर, 2008; काज़ेमी और अन्य., 2021; शुल्त्स और अन्य., 2016).

जैसे-जैसे सर्वाइवर[2] नेतृत्व आंदोलन विकसित हुआ है, वैसे-वैसे इस बारे में हमारी चर्चाएं भी बढ़ गयी हैं कि इकट्ठा होकर, एक साथ परिकल्पना कैसे किया जा सकता है। हम में से कई लोगों ने अपने जीवन के अनुभव के बारे में विशिष्ट सम्मेलनों में भाग लिया है, और हमने देखा है कि जब तस्करी विरोधी आंदोलन एकजुटता में इकट्ठा होता है तो सर्वाइवर नेतृत्व की साफ तौर से कमी होती है। हमने देखा है कि हमारे सहयोगी एजेंडा तय करते हैं और यह भी तय करते हैं कि किसकी आवाज़ सुनी जाएगी, कब तक और किन विषयों पर। हममें से कई लोगों को इन आयोजनों से वंचित कर दिया गया है क्योंकि अत्यधिक उच्च पंजीकरण शुल्क आम तौर पर संगठनों द्वारा कवर किया जाता है और वे हमारे सहयोगी सहकर्मियों को अपनी ओर से भेजते हैं। संगठन की स्थापना के साथ पैदा हुआ एक सपना, सर्वाइवर एलायंस वर्ल्ड कांग्रेस का उद्देश्य, इन आयामों पर कहानी को पलटना था। मुख्य रूप से सर्वाइवरों द्वारा, उनेक नेतृत्व में और उनकी भागीदारी में डिज़ाइन किया गया सम्मेलन, विश्व कांग्रेस ने एक वैश्विक स्थान आयोजित किया जहाँ जीवन के सभी क्षेत्रों के सर्वाइवर सुनने, सीखने, परिकल्पना करने और संबंध निर्माण के लिए एकत्र हो सके।

---

[1] इस शब्द का प्रयोग ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए किया जाता है जिसने नीचे दी गई संयुक्त राष्ट्र की परिभाषाओं के आधार पर मानव तस्करी या दासता का अनुभव किया हो, और जो वर्तमान में शोषण की स्थिति से **बाहर है** या उसे छोड़ चुका है।

*दासता: "दासता एक ऐसे व्यक्ति की स्थिति या अवस्था है जिसके ऊपर स्वामित्व के अधिकार से जुड़ी कोई भी या सभी शक्तियां प्रयोग की जाती हैं।"*

*मानव तस्करी: "व्यक्तियों की तस्करी" का अर्थ है धमकी या बल प्रयोग या अन्य प्रकार की जबरदस्ती के माध्यम से, अपहरण, धोखाधड़ी, छल, शक्ति के दुरुपयोग या भेद्यता की स्थिति से या किसी अन्य व्यक्ति पर नियंत्रण रखने वाले व्यक्ति की सहमति प्राप्त करने के लिए भुगतान या लाभ देकर या प्राप्त करके शोषण के उद्देश्य से व्यक्तियों की भर्ती, परिवहन, स्थानांतरण, आश्रय या प्राप्ति करना है। शोषण में कम से कम, अन्य का वेश्यावृति शोषण या यौन शोषण के अन्य रूपों, जबरन श्रम या सेवाओं, दासता या दासता के समान व्यवहार, गुलामी या अंगों को निकालना के समान व्यवहार शामिल होंगे।"*

[2] यहाँ से इस रिपोर्ट में, जब हम सर्वाइवर शब्द का उपयोग करते हैं, तो हमारा तात्पर्य मानव तस्करी और आधुनिक दासता के सर्वाइवर लोगों से है।

# योजना और एजेंडा

विश्व कांग्रेस नियोजन समिति (वर्ल्ड कांग्रेस प्लानिंग कमेटी) में सर्वाइवर एलायंस स्टाफ, एसए सदस्य और विश्व कांग्रेस सहभागी (वर्ल्ड कांग्रेस पार्टनर) शामिल थे, जिनके पास क्षेत्र (फील्ड) विशेषज्ञता और जीवंत अनुभव थे (नीचे तालिका 1 देखें)। कांग्रेस योजना समिति में सेवा हेतु आमंत्रित करने के लिए सदस्यों को चुनने में, एसए स्टाफ ने पहले उन एसए सदस्यों को देखा जो पहले से ही एसए कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। इस आबादी में से चुनने के लिए, एसए कर्मचारियों ने फिर एसए सदस्यता के भौगोलिक प्रतिनिधित्व और सदस्यों में एसए विज़न और मूल्यों की जानकारी और समझ को ध्यान में रखा।

**तालिका 1: सर्वाइवर एलायंस विश्व कांग्रेस योजना समिति**

| **समिति के सदस्य** | **पद / संस्था[3*]** | **समिति में भूमिका** | **देश** |
|---|---|---|---|
| मिन्ह डांग | एसए कार्यकारी निदेशक | सह-अध्यक्ष | यूनाइटेड किंगडम |
| एलिसिया राणा | सामाजिक कार्यकर्ता | सह-अध्यक्ष | यूनाइटेड किंगडम |
| ब्रुनिल्डा बार्सी | यूके सीबीआई[4] फेलो (एसए) | समिति के सदस्य | यूनाइटेड किंगडम |
| क्रिस्टीन नेल्सन | यूएसए सीबीआई फेलो (एसए) | समिति के सदस्य | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| जैकलिन बेडसोल | उत्पाद प्रबंधक/एनी कैनन्स | समिति के सदस्य | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| नसीमा गैन | उत्थान | समिति के सदस्य | भारत |
| मौमिता बिस्वास | सर्वाइवर नेता (उत्थान इंडिया) | समिति के सदस्य | भारत |
| शिवन पाविन अलुंगनाट | एक्टिविस्ट, शोध सलाहकार, सर्वाइवर नेता, क्वीयर सर्वाइवर पैरोकार, नारीवादी और कलाकार | समिति के सदस्य | युगांडा / केन्या |

[3] निम्नलिखित नियोजन के समय समिति के सदस्यों के पद हैं

[4] सर्वाइवर एलायंस कैपेसिटी बिल्डिंग इनिशिएटिव (CBI) को 2018 -2021 से पाथवे टू फ्रीडम ग्रांट, नोवो फाउंडेशन और ह्यूमैनिटी यूनाइटेड के बीच एक साझेदारी द्वारा वित्त पोषित किया गया था। CBI ने स्थानीय सर्वाइवर नेतृत्व का विस्तार करने और सर्वाइवर नेताओं के साथ शहर की सरकार के जुड़ाव को गहरा करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के तीन शहरों में सर्वाइवर नेताओं को विकसित किया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुपिया खातून | युवा समुदाय की नेता जिनका भारत के ग्रासरूट्स से गहरा जुड़ाव है। उत्थान और ILFAT की सदस्य | समिति के सदस्य | भारत |
| सैयद अहमद | सर्वाइवर एलायंस नॉटिंघम चैप्टर यूके के सह-नेता, जीवंत अनुभव विशेषज्ञ, मोमेंट्स स्टडी रिसर्च एडवाइजरी बोर्ड | समिति के सदस्य | यूनाइटेड किंगडम |

योजना समिति पहली बार सितंबर 2020 में बुलाई गई थी और केवल दो अतिरिक्त बार ही मिल पाई थी। पहली बैठक कांग्रेस के लिए एक प्रासंगिक, सर्वाइवर-कैंद्रित विषय (थीम) विकसित करने पर कैंद्रित थी। समिति ने अपनी दूसरी बैठक में, *सर्वाइवर्स लीडिंग द नेक्स्ट डिकेड ऑफ़ एंटी-स्लेवरी एंड एंटी-ट्रैफिकिंग वर्क* (अगले दशक में दस्ता विरोधी और तस्करी विरोधी कार्य की अगुवाई करते सर्वाइवर) विषय (थीम), और इससे जुड़ी टैगलाइन, "एकता और एकजुटता" का चयन किया। इसके बाद समिति ने एक एजेंडे की योजना बनाने का काम शुरू किया जो कांग्रेस के विषय (थीम) और सर्वाइवर एलायंस के मूल्यों को केंद्र में रखेगा। वैश्विक महामारी की वास्तविकताओं ने कार्यक्रम के लिए दूरस्थ (रिमोट) पहुँच के महत्व को उजागर किया, व्यक्तिगत रूप से (इन-पर्सन) इकट्ठा होने की इच्छा और इरादे के बावजूद। योजना समिति ने व्यक्तिगत रूप से (इन-पर्सन) और दूरस्थ पहुँच (रिमोट एक्सेस) दोनों के साथ हाइब्रिड इवेंट मॉडल चुनने के लिए महत्वपूर्ण कारकों को संतुलित किया। इन कारकों में यह अनिश्चितता शामिल थी - कि यात्रा फिर से कब सुरक्षित होगी और इसके अलावा महामारी की स्थिति में वैश्विक यात्रा के लिए व्यवस्थाएँ करने की चुनौतियां थीं, विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए जिन्हें वीजा की आवश्यकता होती है। कार्यशाला के विषयों, वक्ताओं और प्रस्तुति सामग्री को अंतिम रूप देने के बाद योजना समिति ने जनवरी 2021 में अपना काम पूरा किया। वॉलंटियर योजना समिति के समय के सम्मान करते हुए, सह-अध्यक्षों और एसए कर्मचारियों ने संचालन और व्यवस्था के लिए शेष योजना बनाई।

## विश्व कांग्रेस के उद्देश्य

विश्व कांग्रेस के विज़न को प्राप्त करने और अपने उद्देश्य के साथ पूर्ण तालमेल सुनिश्चित करने के लिए, सम्मेलन की योजना सर्वाइवर एलायंस के परिवर्तन सिद्धान्त (थ्योरी ऑफ चेंज) द्वारा निर्धारित चार प्राथमिक उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए की गई और इसे संगठन के व्यापक प्रयासों और विश्व कांग्रेस के आयोजन के साथ जोड़ा गया।

## उद्देश्य 1. तस्करी विरोधी प्रयासों में संलग्न होने के लिए सर्वाइवर एलायंस के नेताओं की नेतृत्व क्षमता का निर्माण करना

एसए (SA) सदस्यों के लिए नेतृत्व की भूमिकाओं में संलग्न होने के लिए कई अवसर उपलब्ध थे, जैसे कि सम्मेलन की व्यवस्थाओं की योजना बनाना, सम्मेलन सामग्री तैयार करना और वितरित करना, और विभिन्न सत्रों के लिए पैनलिस्ट के तौर पर सार्वजनिक रूप से बोलने के अवसर। सर्वाइवर सम्मेलन प्रस्तुतकर्ताओं को विश्व कांग्रेस में अपनी प्रस्तुतियों से पहले कार्यशाला तैयारी सत्र में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था।

विश्व कांग्रेस के दौरान, नेतृत्व विकास से संबंधित विषयों पर विशेष रूप से केंद्रित कई कार्यशालाओं की पेशकश की गई थी (तालिका 2)।

**तालिका 2: नेतृत्व विकास कार्यशालाएं**

| नेतृत्व विकास कार्यशालाएं |
|---|
| आप क्या चाहते हैं कि आपको अपने जीवन को लेकर कैसा *महसूस* हो?<br>ड्रीम बोर्ड पर एक नया नज़रिया |
| आघात (ट्रॉमा) से अहम ज्ञान तक |
| *केन्या एथिकल स्टोरीटेलिंग प्रोजेक्ट* (केन्या नैतिक कथाकारिता परियोजना) |
| नेतृत्व निर्माण |
| सर्वाइवर्स लीड (सर्वाइवर नेतृत्व करते हैं) पैनल |
| सर्वाइवर नेताओं के रूप में अपने आघात (ट्रॉमा) को संभालना |
| तस्करी विरोधी क्षेत्र में शोध में योगदान |
| शोध सलाहकार बोर्ड |
| हमें सुना जा रहा है:<br>हमारी सोच को पुनः प्राप्त करने और उत्पीड़न से बहाल होने का एक अभ्यास |

| |
|---|
| अपनी खुद की गैर-लाभकारी संस्था / व्यवसाय कैसे शुरू करें |
| दासता विरोधी कानून और नीतियां |
| समुदाय आधारित पुनर्वास में मानसिक स्वास्थ्य सहायता की आवश्यकता और अभ्यास |
| जीवित अनुभव विशेषज्ञ समूह: यहाँ से कहाँ जाएं |
| थेरेपिस्ट ढूँढना: क्या प्रश्न पूछने चाहिए |
| सर्वाइवरों के पुन: शोषण के जोखिमों पर विचार |
| नौकरी के लिए इंटरव्यू कौशल |
| समुदाय के नेता से आंदोलन के नेता में बदलना |
| |

## उद्देश्य 2. अंतरराष्ट्रीय सर्वाइवर नेता सहयोग को बढ़ावा देना

भौगोलिक स्थिति और बोली जाने वाली भाषा की विविधता से स्वाभाविक रूप से बनाए गए साइलोस (खानों) को तोड़ने हेतु नेटवर्किंग उद्देश्यों के लिए स्थान प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया गया था। अन्य देशों के सर्वाइवरों के साथ मौज-मस्ती करने और संबंध बनाने के अवसर, जैसे कि 'मिक्स एंड मिंगल' नेटवर्किंग कार्यक्रम और शिवन पाविन अलुंगट द्वारा आयोजित वर्ल्ड कांग्रेस टैलेंट शो पूरे एजेंडे में बुने गए थे। "डिजिटल टाउन स्क्वायर रिवील" जैसी कार्यशालाओं ने प्रतिभागियों को सर्वाइवर एलायंस डिजिटल टाउन स्क्वायर के बारे में जानने का अवसर प्रदान किया, जो संबंध बनाने, संसाधनों और विचारों को साझा करने और एक गोपनीय, केवल-सर्वाइवर समुदाय परिवेश में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने हेतु एक ऑनलाइन मंच है। इन अवसरों ने प्रतिभागियों को एक-दूसरे को जानने का मौका दिया और हमारी अपार विविधता के बावजूद सर्वाइवरों को एकजुट करने वाली कई चीजों पर सहयोगात्मक चर्चा और विचार को बढ़ावा देने के लिए स्थान की सुविधा प्रदान की।

## उद्देश्य 3. एक बहु-हितधारक, तस्करी विरोधी विचारकों के बहुराष्ट्रीय समूह को इकट्ठा करना

विश्व कांग्रेस में भाग लेने के निमंत्रण रणनीतिक रूप से इस उद्देश्य को ध्यान में रख कर दिए गए थे। सर्वाइवर एलायंस के सदस्यों को निमंत्रण भेजे गए थे और हमने अपनी आमंत्रण सूची का विस्तार करने के लिए अन्य सहयोगियों, भागीदारों और फंडर्स के साथ मिलकर काम किया। इस आयोजन में भाग केवल आमंत्रण के साथ था और इससे यह सुनिश्चित किया गया कि सभी संबद्ध उपस्थित लोगों को पहले से ही सर्वाइवर नेतृत्व और इसके अंतर्निहित मूल्य की समझ थी।

## उद्देश्य 4. सर्वाइवर नेताओं के साथ सहयोग करने के लिए सहयोगियों की क्षमता में वृद्धि करना

सर्वाइवरों और सहयोगियों के सहयोग के अवसरों को कांग्रेस के सभी कार्यक्रमों में मुख्य धारा में लाया गया, विशेष रूप से संयुक्त कार्य सत्रों और कार्यशालाओं के माध्यम से। ये कार्यक्रम सर्वाइवर और सहयोगियों को एक दूसरे को सुनने, एक दूसरे के साथ साझा करने और एक दूसरे से सीखने के लिए और सर्वाइवर नेतृत्व के भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण तैयार करने के लिए एक साथ लाए।

सम्मेलन के सभी चार उद्देश्यों के अनुरूप, सर्वाइवरों और सहयोगियों ने छह विषय क्षेत्रों से संबंधित कार्य योजनाओं पर चर्चा करने और सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए सहयोग किया, जो सर्वाइवर नेतृत्व और आजीविका को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं:

1) प्रत्यक्ष सेवाएं
2) धन जुटाना (फंड रेजिंग)
3) मीडिया प्रतिनिधित्व
4) शोध
5) नीतिगत पैरवी
6) क्षमता निर्माण

# कार्य प्रणाली

अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, सर्वाइवर एलायंस ने विश्व कांग्रेस के हर पहलू के बारे में ध्यान रखा। एसए की वैश्विक सदस्यता का प्रतिनिधित्व कांग्रेस में भाग लेने वाले सर्वाइवरों के बीच भौगोलिक विविधता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण था, जिसके बिना अंतरराष्ट्रीय सहयोग का उद्देश्य व्यर्थ था। इसके अलावा, सर्वाइवरों की विविधता और उनकी प्राथमिकताओं का सम्मान करते हुए, कि वे सर्वाइवर नेताओं के रूप में कितने हद तक (यदि बिल्कुल भी) शामिल होना चाहते हैं, इनपर विचार किया गया। उपस्थित लोगों की संख्या को सीमित कर दिया गया था, और हमारी रणनीतिक आउटरीच जो उपरोक्त  के लिए ज़िम्मेदार थी, ने हमारी सहभागी आमंत्रण प्रक्रिया को सूचित किया। कार्यक्रम से पहले के महीनों में, एसए स्टाफ ने आमंत्रित प्रतिभागियों के लिए सम्मेलन और एजेंडे  के बारे में उनके साथ अधिक साझा करने के लिए बैठकें आयोजित की। एसए स्टाफ ने क्षेत्रीय आधार पर भाग लेने वाले सर्वाइवरों का समर्थन करने के लिए स्थानीय गैर सरकारी संगठनों के साथ भी सहयोग किया।

प्रतिभागी पाँच दिनों तक के लिए इकट्ठा हुए, पहले तीन दिन केवल सर्वाइवर नेताओं के लिए खुले थे ताकि वे सर्वाइवरों द्वारा और सर्वाइवरों के लिए विकसित सामग्री को गहराई से देख सकें। सम्मेलन के शेष दो दिनों में सर्वाइवरों और सहयोगियों को संयुक्त सर्वाइवर-सहयोगी कार्यशालाओं और कार्य सत्रों के माध्यम से विषय क्षेत्रों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाया गया। प्रत्येक सत्र के लिए नोट-टेकर मौजूद थे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक चर्चा से उत्पन्न गुणात्मक डेटा पूरी तरह से और सटीक रूप से एकत्र किया गया है।

अंत के दो दिन सर्वाइवरों और सहयोगियों के बीच हुई चर्चाओं को एक पूर्व सर्वेक्षण द्वारा सूचित किया गया था जिसमें कांग्रेस के विषयों पर प्रतिभागियों के विचार शामिल थे। विशेष रूप से, सर्वेक्षण ने प्रतिभागियों से उनके विचार पूछे कि अगले दस वर्षों में वे सर्वाइवर नेतृत्व की परिकल्पना किस प्रकार से करते हैं। सहयोगी-सर्वाइवर संबंधों में मौजूद शक्ति के असमान आयामों को देखते हुए पूर्व-सर्वेक्षण ने सर्वाइवर प्रतिभागियों को न केवल कार्यक्रम से पहले ही कांग्रेस चर्चा के विषयों के बारे में सोचना शुरू करने का मौका दिया, बल्कि एसए को इन विचारों को चर्चाओं में पहले से ही शामिल करने दिया, जिससे एक ऐसा स्थान बन गया जहाँ सर्वाइवर विशेषज्ञता को मान्यता दी गयी

यह ध्यान में रखते हुए कि समूह में बोलने के लिए सबकी सहजता अलग होती है और इसलिए हो सकता है कि सभी अपने विचार साझा न कर पाएं।

## कार्यक्रम के प्रकार

विश्व कांग्रेस के केवल-सर्वाइवर वाले भाग में चार अलग-अलग कार्यक्रम शामिल थे जो प्रमुख वक्ता प्रस्तुतियों, समूह चर्चा, सोशल नेटवर्किंग, और क्षमता एवं कौशल-निर्माण गतिविधियों के माध्यम से कांग्रेस के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए।

- **नेटवर्किंग सत्र** पूरे सम्मेलन कार्यक्रम में हुए और इसमें चर्चा मंच, क्षेत्रीय-विशिष्ट बैठकें, और विश्व कांग्रेस में उपस्थित लोगों के लिए एक दूसरे को जानने के सामान्य अवसर शामिल थे। इसके अतिरिक्त, "मिक्स एंड मिंगल" नेटवर्किंग सत्रों को दुनिया के अन्य हिस्सों से सर्वाइवरों से मिलने के लिए उपस्थित लोगों के लिए अनौपचारिक स्थान के रूप में आयोजित किया गया था। उनमें समय क्षेत्र मानदंड के आधार पर निश्चित  दुभाषिए (इंटरप्रिटर) शामिल थे। प्रत्येक "मिक्स एंड मिंगल" सत्र में बातचीत शुरू करने में मदद करने के लिए एक एसए प्रतिनिधि और वॉलंटियर शामिल थे। हालाँकि, अधिकांश सत्रों में कोई विशिष्ट एजेंडा नहीं था, लेकिन दुनिया भर से सर्वाइवरों को एकजुट करने के लिए एक जगह बनाई गई ।

- **मुख्य मंच के कार्यक्रमों** ने सभी प्रतिभागियों को एक आभासी स्थान (वर्चुअल स्पेस) में एक सर्वाइवर नेता वक्ता को सुनने के लिए इकट्ठा किया। इस दौरान पूर्ण भागीदारी और पहुँच सुनिश्चित करने के लिए कोई कार्यशाला आयोजित नहीं की गई।

- **नेतृत्व कार्यशालाएं** साथ-साथ चलायी गयी और तस्करी विरोधी कार्य और कौशल-निर्माण गतिविधियों के लिए विशिष्ट नेतृत्व विषय क्षेत्रों की एक श्रृंखला की पेशकश की गई। भाग लेने वाले सर्वाइवरों को प्रत्येक निर्धारित समय के लिए एक कार्यशाला चुनने के लिए कहा गया। सभी कार्यशालाओं की सामग्री इवेंटमोबी (EventMobi) के माध्यम से उपलब्ध थी ताकि यदि प्रतिभागी लाइव सत्र में शामिल नहीं हो पाते हैं तो भी वे चर्चा सामग्री का उपयोग कर सकते हैं।

- **वेलनेस (खुशहाली) कार्यशालाएं** सर्वाइवर- खुशहाली की प्राथमिकता सुनिश्चित करने के लिए, ये कार्यशालाएं पूरे कांग्रेस के दौरान प्रतिभागियों के लिए उपलब्ध थीं और व्यावहारिक कौशल और खुशहाली के अभ्यासों पर केंद्रित थीं। इसके अलावा, इवेंटमोबी (EventMobi) पेज पर पूरे सम्मेलन में स्व-देखभाल के बुनियादी संसाधन उपलब्ध थे।

छह विषयों में से प्रत्येक पर सर्वाइवर-सहयोगी संयुक्त सत्र तीन खंडों में आयोजित किए गए थे: **खंड 1. सर्वाइवर नेता पैनल** में तीन सर्वाइवर नेता शामिल थे जिन्होंने अगले दस वर्षों में इस क्षेत्र का नेतृत्व करने के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया। प्रत्येक पैनल की सह-अध्यक्षता एक सर्वाइवर नेता और एक सहयोगी द्वारा की गई और एक प्रश्न-उत्तर सत्र और दर्शकों के साथ चर्चा के साथ समाप्त किया गया।

**खंड 2. सर्वाइवर-सहयोगी कार्य सत्र**

इन सत्रों ने सर्वाइवर और सहयोगियों को केवल-सर्वाइवर सत्रों और पैनल चर्चाओं के दौरान उत्पन्न विचारों को समेकित करने और साझा किए गए सभी विचारों के बीच समानता और अंतर पर चर्चा करने की सुविधा दी। कार्य सत्रों ने प्रत्येक विषय के लिए प्रमुख प्राथमिकताओं को निर्धारित करने के लिए विचारों को वर्गीकृत करने और चर्चा को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

**खंड 3. संयुक्त सर्वाइवर-सहयोगी कार्यशाला सत्र**

इन सत्रों में एक ही विषय पर दो समूहों को मिला दिया गया। हमने एक ही विषय पर दो कार्यशालाएं आयोजित कीं, लेकिन दिन के अलग-अलग समय पर और अलग-अलग दुभाषियों (इंटरप्रिटर) के साथ। ये "संयुक्त" सत्र व्यक्तिगत सत्रों से उन लोगों के लिए था जो एक साथ आ सकें, विचार करने के लिए और यह पता लगाने के लिए कि क्या उनकी चर्चाओं में परस्पर जुड़े हुए विषय सामने आए।

विश्व सम्मेलन एक ऐसे सत्र के साथ समाप्त हुआ जिसमें सभी सम्मेलन प्रतिभागियों को कार्यकारी समूह सत्र के दौरान चर्चा किए गए प्रमुख कार्यवाही के कदमों पर रिपोर्ट करने के लिए एक साथ लाया गया।

## समता और खुशहाली (इक्विटी और वेलनेस)

एक दूरस्थ परिवेश (रिमोट सेटिंग) में 20 विभिन्न देशों के सर्वाइवरों के बीच सच्चे सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मैत्रीपूर्ण और समावेशी आभासी (वर्चुअल) वातावरण बनाना सबसे ज़रूरी था। इस दिशा में, विश्व कांग्रेस योजना समिति ने वैश्विक समय क्षेत्र के अंतर, बोली जाने वाली भाषाओं में विविधता, सूचना और टेक्नालजी तक समान पहुँच और समग्र सर्वाइवर खुशहाली से संबंधित बाधाओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया। सारिणी (शेड्यूलिंग) और भाषा की सुविधा से लेकर कांग्रेस की जानकारी कैसे लिखी और प्रसारित की गई इन तक, योजना के सभी पहलुओं में समानता और खुशहाली दोनों पर विचार किया गया। सर्वाइवर और सहयोगियों के बीच बातचीत में हमेशा मौजूद होने वाली शक्ति की गतिशीलता को संतुलित करने के लिए समता को एक सावधानीपूर्वक योजना की भी आवश्यकता होती है क्योंकि सहयोगियों को क्षेत्र में सर्वाइवरों के नेतृत्व वाले संगठनों और सर्वाइवर पेशेवरों की तुलना में अधिक संसाधन और शक्ति मिलती है। इसे संबोधित करने के लिए, कांग्रेस को ऐसे संरचित किया गया कि सप्ताह के पहले हिस्से में भाग लेने के लिए केवल सर्वाईवरों को शामिल किया गया पूर्व-सर्वेक्षण सामग्री के अलावा, प्रतिभागियों को पहले केवल अपने सर्वाइवर सहपाठियों से साथ इकट्ठा होने के मौके ने उन्हें सहज महसूस कराया और उन्हें मुद्दों के बारे में समझने, अपने विचारों को विकसित करने में और एक सुरक्षित वातावरण में, अपने सहकर्मियों के साथ, एक-दूसरे से सीखने का मौका दिया। इसके अलावा, कांग्रेस आयोजित होने से पहले सभी सर्वाइवर प्रतिभागियों को उपहार के बक्से भेजे गए थे, जिनमें खुशहाली संबंधित और समुदाय से जुड़ाव से संबंधित उपहार और गतिविधियां शामिल थीं। जब भी संभव हुआ, उपहार के बक्से के अंदर की वस्तुएं सर्वाइवर-नेतृत्व वाले उद्यमियों का समर्थन करने के लिए सर्वाइवर के नेतृत्व वाले व्यवसायों से प्राप्त की गईं। उपहार वाले बक्से, उनमें शामिल वस्तुओं से कहीं अधिक महत्वपूर्ण थे। उपहार के ये बक्से सम्मान, कृतज्ञता के प्रतीकात्मक संकेत थे और तस्करी विरोधी चर्चाओं में जीवित अनुभवों के महत्व के पहचान का प्रमाण थे।

### उपलब्धता

विश्व कांग्रेस जैसे आयोजनों के लिए समान पहुँच आवश्यक है। वैश्विक समय क्षेत्रों और कार्य सारिणी के लचीलेपन में विविधता को देखते हुए और कांग्रेस के कार्यक्रमों तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए, महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के लिए एजेंडे को व्यवस्थित करना और दोहराना आवश्यक

था। इस सारिणी (शेड्यूलिंग) प्रारूप ने सभी प्रतिभागियों को, उनके लिए उचित समय के अनुसार, कांग्रेस में भाग लेने का मौका दिया, भले ही उनकी भौगोलिक स्थिति या कार्य सारिणी अलग-अलग थीं ।

भाषा की बाधाएं वैश्विक सहयोग के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हो सकती हैं। विश्व कांग्रेस की घटनाओं ने कांग्रेस के चुनिंदा कार्यक्रमों और गतिविधियों के लिए बंगाली, हिंदी, स्पेनिश, स्वाहिली और तमिल में साथ-साथ अनुवाद (साइमल्टेनियस इंटरप्रिटेशन) की सुविधा प्रदान की। इन भाषाओं के चयन में, सर्वाइवर एलायंस ने अपने सदस्यों के बीच बोली जाने वाली सबसे प्रचलित भाषाओं को निर्धारित करने के लिए अपने सदस्यता डेटा को देखा। तमिल भाषा में अनुवाद के लिए अतिरिक्त धन सुरक्षित किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फ्रीडम फंडेड कार्यक्रमों में सर्वाइवर नेता प्रतिभागी कांग्रेस में पूरी तरह से भाग ले सकें। प्रस्तावित कार्यक्रमों और भाषाओं का चयन समय क्षेत्र के मानदंडों के आधार पर किया गया था, जिससे योजना बनाने वालों को यह अनुमान लगाने की सुविधा मिली कि भाग लेने वालों के क्षेत्रीय स्थान और अतिरिक्त वॉलंटियर दुभाषियों की उपलब्धता के आधार पर कौन से कार्यक्रम में उनके उपस्थित होने की सबसे अधिक संभावना है। इसके अलावा, सम्मेलन की सभी लिखित सामग्री उपरोक्त भाषाओं में प्रदान की गई थी।

## टेक्नालजी

समता और खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए टेक्नालजी के रचनात्मक उपयोग की आवश्यकता होती है, खासकर जब प्रतिभागियों के राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के वैश्विक विस्तार (स्पेक्ट्रम) में सूचना तक समान पहुँच सुनिश्चित करने की बात हो। EventMobi स्मार्टफोन एप्लिकेशन के रूप में मुफ्त डाउनलोड के लिए एक सम्मेलन प्रबंधन प्लेटफार्म है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से, भाग लेने वाले लोग कांग्रेस के कार्यक्रमों के बारे में स्थायी जानकारी देख सके, जिसमें कई भाषाओं में संक्षिप्त और पूर्ण एजेंडा, क्षेत्रीय समय क्षेत्रों के अनुसार एजेंडा, और प्रत्येक विषय क्षेत्र और खुशहाली जैसे व्यापक विषय से संबंधित पूरक सामग्री शामिल थे। सर्वाइवर और संबद्ध सहभागियों, दोनों की EventMobi तक पहुँच थी; हालाँकि, कांग्रेस के दृष्टिकोण के साथ तालमेल सुनिश्चित करने के लिए केवल-सर्वाइवर सामग्री भाग लेने वाले सर्वाइवर लोगों के लिए ही सुलभ थी। EventMobi ने कांग्रेस के कार्यक्रमों और व्यवस्थाओं से संबंधित स्थायी जानकारी और सामग्री

को भी संग्रहीत किया। इस सामग्री में खुशहाली और स्व-देखभाल से संबंधित संसाधन, कार्यशालाओं के पावरपॉइंट और विभिन्न भाषाओं में अनुवादित विश्व कांग्रेस के बुनियादी नियमों की प्रतियां शामिल थीं।

टेक्नालजी प्रवाह के विभिन्न स्तरों को संबोधित करने के लिए, प्लेटफार्म का उपयोग करने में प्रतिभागियों की सहायता हेतु सभी सत्रों के लिए विभिन्न भाषाओं में ज़ूम गाइड उपलब्ध थी। प्रतिभागियों को, सामान्य और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों - जैसे कि सम्मेलन कार्यक्रम के बारे में - के उत्तर देने के लिए EventMobi के माध्यम से विश्व कांग्रेस हेल्प डेस्क तक भी पहुँच थी।

## चर्चा: अगले दशक की अगुवाई करेंगे सर्वाइवर

पाँच दिनों में, 200 सर्वाइवर नेता और 60 से अधिक सहयोगी कांग्रेस में शामिल हुए। इस समय के दौरान, सर्वाइवरों ने चर्चा का नेतृत्व किया और तस्करी विरोधी आंदोलन में अगले दस वर्षों के सर्वाइवर नेतृत्व के लिए एक दृष्टिकोण बनाने के लिए सहयोगियों के साथ काम किया। यह खंड सर्वाइवर प्रतिभागियों से एकत्र किए गए पूर्व-सर्वेक्षण डेटा और सत्र चर्चा के नोटों का सार प्रस्तुत करता है, और अंतरराष्ट्रीय तस्करी विरोधी समुदाय के व्यापक संदर्भ में विश्लेषण और विचार प्रदान करता है।

## सर्वाइवर प्रत्यक्ष सेवा के ज़िम्मेदार होंगे

आज तक, प्रत्यक्ष सेवा कार्य में सर्वाइवर की भागीदारी आपातकालीन आश्रय और उपचार के कार्यक्रमों तक सीमित रही है। इस भूमिका में, हमने संगठनों की स्थापना की है, कार्यक्रमों का निर्देशन किया है, पाठ्यक्रम तैयार किया है, और आशाजनक प्रथाओं पर सलाह दी है और अपनी यात्रा के पुनर्निर्माण चरण की शुरुआत कर रहे साथियों का समर्थन किया है ।

सत्र का मुख्य बिन्दु: **समूह चर्चा के दौरान, सहयोगियों के कई *योगदान तस्करी विरोधी विशिष्ट हस्तक्षेपों* के लिए प्रत्यक्ष सेवा क्षेत्र के एक समझने योग्य लेकिन संकीर्ण दृष्टिकोण की सीमा के भीतर रहे। बातचीत में सर्वाइवर तस्करी विरोधी विशिष्टता से बहुत आगे निकल गए, *सर्वाइवर की ज़रूरतों* से संबंधित प्रत्यक्ष सेवाओं पर ध्यान केंद्रित किया।**

प्रत्यक्ष सेवा की इस विस्तारित धारणा के साथ, सर्वाइवरों ने अपनी भागीदारी की परिकल्पना मनोवैज्ञानिकों, शिक्षकों, स्त्री रोग विशेषज्ञों, न्यायाधीशों, वकीलों, बैरिस्टरों, कानून प्रवर्तन, विधायकों, और अन्य बहुत से रूपों में की। वास्तव में, कोई भी सेवा जो सीधे तौर पर एक सर्वाइवर की ज़रूरतों को पूरा करती है, एक प्रत्यक्ष सेवा भूमिका है और इनमें से अधिकतर भूमिकाएं जिए गए अनुभव वाले लोगों द्वारा सूचित नहीं की जाती हैं। और फिर भी, सर्वाइवर नेतृत्व, अग्रिम पंक्ति (फ्रंटलाइन) और प्रत्यक्ष सेवा क्षेत्रों में स्कूलों में तस्करी विरोधी रोकथाम को बढ़ावा देगा, शोषक स्थितियों में रोगियों की पहचान करने के लिए अग्रिम पंक्ति के चिकित्सा पेशेवरों की क्षमता में वृद्धि करेगा, उन सर्वाइवरों की सुरक्षा की दिशा में काम करेगा जिनका संरचनात्मक रूप से दमनकारी आपराधिक न्याय द्वारा फिर से शोषण किया जाता है, सिस्टम, नीति और कानून के माध्यम से स्थायी प्रभाव पैदा करेगा, और भी बहुत कुछ करेगा।

तस्करी विरोधी क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में 'प्रत्यक्ष सेवाएं' यकीनन वह क्षेत्र है जहाँ, सेवाओं को प्राप्त करने वालों की कमज़ोरी को देखते हुए, विश्वास पैदा करना सबसे महत्वपूर्ण है। सर्वाइवर पूर्व-सर्वेक्षण डेटा ने विश्वास का निर्माण करते समय जिए गए अनुभव की भूमिका पर प्रकाश डाला, और इस बारे में विस्तार से बताया कि जब कोई व्यक्ति सीधे किसी के जिए गए अनुभव को समझ पाता है तो उसके प्रति एक अंतर्निहित विश्वास पैदा होता है। सर्वाइवर नेताओं ने यह भी व्यक्त किया कि जब प्रत्यक्ष सेवाओं का नेतृत्व जिए गए अनुभव वाले लोगों द्वारा किया जाता है, तो वे ग्राहक की ज़रूरतों से संबंधित क्षमता बनाने, अधिक विश्वास और अधिक प्रभावी सेवा प्रदानगी स्थापित करने की बेहतर स्थिति में होते हैं।

### सत्र का मुख्य बिन्दु:

"यदि तस्करी विरोधी आंदोलन में सर्वाइवरों द्वारा प्रत्यक्ष सेवाओं का नेतृत्व किया जाएगा, तो बहुत [से] अन्य सर्वाइवर पुनः शोषण महसूस करना बंद कर देंगे क्योंकि हमारे पास ऐसे लोग होंगे जो हमसे जुड़े हुए हैं, जो हमारी चुनौतियों को जानते हैं और जो आसानी से बता सकते हैं कि एक सर्वाइवर को क्या मदद चाहिए"।

साथ ही बातचीत में मुख्य रूप से स्थायी परिवर्तन का महत्व चिन्हित किया गया कि और इस बात पर ज़ोर दिया गया कि 30 से 90-दिवसीय प्रत्यक्ष सेवा पर ध्यान केंद्रित करने से आगे बढ़कर, सर्वाइवर के एक संतुलित और संपन्न जीवन को बनाए रखने की क्षमता पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। सहयोगियों ने प्रत्यक्ष सेवा में स्थायी प्रभाव प्राप्त करने के लिए तस्करी विरोधी कार्य में सर्वाइवर दृष्टिकोणों को शामिल करने, उनका मूल्यांकन करने और प्राथमिकता देने के महत्व पर आवाज़ उठाई। इसके अतिरिक्त, सभी कार्यक्रमों और हस्तक्षेपों के लिए मॉनिटरिंग, मूल्यांकन और सीखने में सर्वाइवर नेतृत्व को प्रगति, पाठ्यक्रम सुधार और अंततः स्थायी परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए 'आवश्यक' के रूप में नोट किया गया।

स्थायी परिवर्तन के लिए संस्कृति परिवर्तन के महत्व को ध्यान में रखा गया। **अगर हम चाहते हैं कि तस्करी विरोधी समुदाय हम जीवित अनुभव वाले लोगों को डॉक्टरों, वकीलों और न्यायाधीशों के रूप में देखे, यह ज़रूरी है कि पहले हमें संपूर्ण और जटिल लोगों के रूप में देखा जाए, जो हमारी अपनी कहानियों से कहीं अधिक हैं और जो केवल जीवित रहने के अलावा और भी बहुत कुछ कर सकते हैं।** इस धारणा में बदलाव के लिए विश्व कांग्रेस द्वारा पेश की गई बातचीत की आवश्यकता है और संबद्ध समुदाय द्वारा ज़रूरी सत्ता-साझाकरण के लिए प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। पेशेवर क्षेत्र में शामिल होने की मांग करते समय सर्वाइवर के सामने आने वाली कई बाधाओं को देखते हुए, प्रत्यक्ष सेवा से संबंधित व्यवसायों में कैरियर के रास्ते के लिए समर्थन महत्वपूर्ण है। सर्वाइवरों ने प्रत्यक्ष सेवा क्षेत्र में कैरियर के मार्गों का समर्थन करने के बारे में कई विचार प्रस्तुत किए। ऐसा यह ध्यान में रखते हुए किया गया कि रोज़गार के लिए बाधाएं अन्य पारंपरिक रूप से हाशिए पर रहने वाली आबादी के लिए भिन्न नहीं थीं और शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक पहुँच, और प्रवेश स्तर के पद के लिए अवसर सर्वाइवर-केंद्रित भर्ती और भर्ती प्रथाओं के माध्यम से पेशेवर अनुभव सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता थी।

| |
|---|
| सत्र का विचार: "एक खोज फर्म की स्थापना करें जो सर्वाइवरों के लिए विविध कैरियर के रास्ते बना सकेगी ।" |

कुल मिलाकर, इस चर्चा में सर्वाइवरों ने इस बात का दायरा बढ़ाया कि तस्करी विरोधी क्षेत्र, पारंपरिक रूप से प्रत्यक्ष सेवा कार्य को कैसे देखता है। ऐसा करने में, **उन्होंने समूह की सशक्तिकरण**

**की समझ को भी विस्तृत किया, जो  आर्थिक प्रभाव से परे है,  और जिसके लिए राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव के साथ प्रत्यक्ष सेवा भूमिकाओं को शामिल करना ज़रूरी है।** न्यायिक पीठ (ज्यूडीशियल बेंच) में शामिल सर्वाइवरों को न केवल उनके न्यायालय कक्ष में मानव तस्करी के मामलों की पहचान करने के लिए किसी ख़ास प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि इन मामलों के मूल्यांकन और निर्णयों में, आपराधिक न्याय प्रणाली के भीतर सर्वाइवर वास्तविकता की जटिलताओं और बारीकियों को भी वे ध्यान में रख पाएंगे ।

## सर्वाइवर परोपकार (फिलैन्थ्रोपी) की अगुवाई करेंगे

परोपकार क्षेत्र शायद इस बात का सबसे कड़ा उदाहरण प्रस्तुत करता है कि किस तरह से सर्वाइवरों के पास अभी भी तस्करी विरोधी कार्य में सबसे कम शक्ति और प्रभाव है। ज़मीनी स्तर पर भी, तस्करी विरोधी कार्यों के लिए धन और संसाधनों की आवश्यकता होती है। फिर भी, इन महत्वपूर्ण फंडस को कैसे और किसके लिए वितरित किया जाता है, इस पर सर्वाइवरों का बहुत कम प्रभाव होता है।

चर्चा के दौरान, प्रतिभागियों ने अनुदानों को डिज़ाइन करने और यह निर्धारित करने के लिए कि धन कैसे और किसके लिए वितरित किया जाता है, में सार्थक प्रभाव और अधिकार वाले पदों में सर्वाइवर नेतृत्व को प्राथमिकता दी। पूर्व-सर्वेक्षण और सर्वाइवर-सहयोगी, दोनों चर्चाओं में सर्वाइवरों ने लगातार संभावित सकारात्मक प्रभाव का उल्लेख किया, कि परोपकार में जिए गए अनुभव निर्णय लेने में भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि सर्वाइवरों को पहले से पता है कि शोषण से छूटने के बाद उन्हें पुनर्निर्माण और पनपने के लिए किसकी और क्या आवश्यकता है। फंडिंग के निर्णयों में सर्वाइवर नेता यह सुनिश्चित करेंगे कि सर्वाइवर-सूचित प्राथमिकताओं की ओर पर्याप्त धन प्रवाह हो, उदाहरण के लिए सर्वाइवर नेताओं की क्षमता का निर्माण करने के लिए शिक्षा कार्यक्रम। या इसी तरह, ऐसे फंडिंग कार्यक्रमों पर अधिक ध्यान दिया जा सकता है जो तस्करी विरोधी आंदोलन के बाहर कैरियर के रास्तों को आगे बढ़ाने में सर्वाइवर हितों का समर्थन करते हैं, और केवल तस्करी की स्थिति को छोड़ने के तत्काल बाद के विपरीत दशकों तक इन फंडस तक पहुँच सुनिश्चित करते हैं।

बातचीत में सर्वाइवरों ने फंडिंग प्राप्त करने वाले संगठनों की जांच में हमारी महत्त्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। सर्वाइवर समूह लंबे समय से उन संगठनों को पैसा देने के निर्णयों से परेशान हैं जिनके व्यवहार से ग्राहकों को और भी अधिक नुकसान होता है, भले ही उनके प्रभाव बयान इसके विपरीत कहते हैं।

डोनर संगठनों के भीतर निर्णय लेने की स्थिति में अधिक जिए गए अनुभवों वाले कर्मचारियों की आवश्यकता को चिन्हित करते हुए, प्रतिभागियों ने डोनरों द्वारा लिए गए निर्णयों को सूचित करने के लिए अतिरिक्त सर्वाइवर आवाज़ों को सक्षम करने के लिए मज़बूत तंत्र की आवश्यकता पर भी चर्चा की। यह एक ही सर्वाइवर के ऊपर निर्भर होने से बचाएगा, जो अपनी खुद के जिए गए अनुभव ही ला सकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि विभिन्न सर्वाइवर आवाज़ों को भी फंडिंग निर्णयों में शामिल किया जाए।

फंडर्स और सर्वाइवर-नेतृत्व वाले संगठनों के बीच साझेदारी, सत्र के दौरान प्राथमिकता का एक सहमत बिंदु था। इन साझेदारियों को संबद्ध और सर्वाइवर प्रमुख संगठनों के निरंतर विकास के लिए ‘महत्वपूर्ण’ के रूप में देखा गया। यह पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंध प्रदान करते हैं जो धन तक पहुँच और सर्वाइवर नेता की विशेषज्ञता के मूल्य का लाभ उठाते हैं। सर्वाइवर नेतृत्व वाले संगठनों और फंडरों के बीच संबंधों को बढ़ावा देना यह सुनिश्चित करेगा कि सर्वाइवर नेतृत्व वाले संगठनों और डोनरों के बीच बाधाएं और मध्यस्थ कम हों। हालाँकि हम समझते हैं कि कुछ डोनर एक मध्यस्थ के साथ काम करना पसंद करते हैं, लेकिन सभी फ़ंड देने वालों के साथ ऐसा नहीं है।

फंडिंग संबंधी निर्णय लेते समय परोपकारी संगठनों और सर्वाइवर नेताओं के बीच सीधा संचार इस हानिकारक प्रवृत्ति को कम करने में मदद कर सकता है और यह भूमिका अनुदान आवेदन प्रक्रिया में पूर्व-निरीक्षण संगठनों में सर्वाइवर नेतृत्व निभा सकता है।

सर्वाइवरों और सहयोगियों ने फंडिंग प्राप्त करने वाले संगठनों के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व को भी छुआ, विशेष रूप से विश्वास-आधारित संगठनों में पारदर्शिता की कमी के बारे में बताया। जहाँ विश्वास-आधारित संगठनों की तस्करी विरोधी कार्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका है,

वहीं इन संगठनों द्वारा उत्पन्न गैर-सरकारी फंडिंग के उच्च स्तर और उनके बाद के प्रभाव को वर्तमान में आवश्यक से अधिक निरीक्षण की आवश्यकता है। कार्यक्रम सलाहकारों जैसी भूमिकाओं में सर्वाइवर नेताओं को खराब प्रथाओं की प्रवृत्ति को कम करने में एक संभावित समाधान के रूप में देखा गया, जैसे कि "बचाव" मिशनों की व्यापकता, जो अक्सर सर्वाइवरों को हस्तक्षेप के बाद अधिक दुर्बलता की स्थिति में रखते हैं और अनजाने में उत्पीड़न की उपनिवेशवादी व्यवस्था को कायम रखते हैं।

चर्चा में सर्वाइवरों और सहयोगियों, दोनों ने, सर्वाइवर नेताओं को फंडस प्राप्त करने वाले संगठनों के लिए नैतिकता और ज़िम्मेदारी के बारे में स्पष्टता प्रदान करने में आवश्यक कर्ताओं के रूप में देखा और **सभी फंडस प्राप्त करने वाले संगठनों द्वारा अपनाए जाने वाले नैतिक दिशानिर्देशों की स्थापना** में उनकी भूमिका पर ज़ोर दिया। बातचीत में सर्वाइवरों और सहयोगियों ने इस बारे में भी बात की कि सहयोगियों के लिए यह कितना महत्वपूर्ण है कि वे स्वैच्छिक (वॉलंटियर) के रूप काम करें ताकि वे उन सहयोगियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले खराब अभ्यासों को रोक सकें जो हमारे साझा मिशन के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता के अलावा अन्य कारणों के लिए इस क्षेत्र में काम करते हैं। यह  उन संगठनों को जवाबदेह ठहराएगा जो सर्वाइवरों का उपयोग केवल वॉलंटियरों के रूप में करते हैं बजाय की भुगतान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों और सलाहकारों के रूप में।

केवल-सर्वाइवर पूर्व-सर्वेक्षण के डेटा ने सर्वाइवर नेताओं के बीच क्षमता और कौशल के निर्माण के महत्व को भी दिखाया, जिससे वे अनुदान लेखन (ग्रांट राइटिंग) और प्राप्तकर्ता अवार्डी के चयन में पूरी तरह से भाग ले सकें।

सत्र का विचार: **परोपकारी और डोनर संगठन अनुदान लेखन के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल का निर्माण करने हेतु सर्वाइवर नेताओं के लिए कार्यशालाओं की मेज़बानी कर सकते हैं।**

## सर्वाइवर मीडिया और प्रतिनिधित्व की अगुवाई करेंगे

वर्तमान में, सर्वाइवर की मुख्यधारा के मीडिया के अवसरों तक पहुँच अभी भी काफी हद तक कहानी कहने के क्षेत्र में आती है। हालाँकि बातचीत में सर्वाइवर प्रतिभागियों ने हमारे सहयोगी

भागीदारों को सर्वाइवरों की विविधता और हमारे अनुभवों की व्यापकता और गहराई के बारे में शिक्षित करने में कहानियों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को पहचाना, उन्होंने सुधार के लिए कई क्षेत्रों का भी उल्लेख किया।

**सभी कहानी कहने के तरीकों को उन अवसरों की ओर केंद्रित होना चाहिए जो सीधे सर्वाइवर को लाभ पहुँचाते हैं।** आदर्श रूप से, इन अवसरों से मीडिया संगठन और इंटरव्यू में शामिल सर्वाइवर दोनों को लाभ होगा; हालाँकि, यह सवाल कि कहानी कहने की प्रक्रिया से सर्वाइवरों को लाभ होता है या नहीं, या तो लाया ही नहीं जाता है या मुख्य लक्ष्य के बजाय एक बाद में आए विचार के रूप में लाया जाता है। इसके लिए आम जनता या हमारी आवाज़ को मंच देने वाले संगठनों और एजेंसियों के बजाय, सर्वाइवरों पर हमारी कहानियों के प्राथमिक लाभार्थियों के रूप में ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

किसी की कहानी का स्वामित्व बातचीत में एक केंद्रीय विषय था। मीडिया के साथ अनुभव रखने वाले कई सर्वाइवरों ने महसूस किया है कि मीडिया के माध्यम से दूसरों द्वारा बताए जाने पर उनकी कहानियों को कैसे प्रस्तुत किया जाता है, उसे नियंत्रित करने के उनके अधिकार छीन लिए गए हैं। सर्वाइवरों के लिए अपनी कहानियों को संपादित करने और पोस्ट करने के लिए पहुँच के महत्व को पेश किया गया, जो इस दिशा में एक परिवर्तन के रूप में होगा। **मीडिया में हमारी कहानियों के स्वामित्व को पुनः प्राप्त करने के अवसरों का असर व्यक्तिगत सर्वाइवर सशक्तिकरण से कहीं आगे तक पहुँचाएगा  और मानसिक मॉडल बदलाव की दिशा में काम करेगा, जो हमारे समुदायों के भीतर सर्वाइवरों की कलंक और अमानवीय धारणाओं को कम करता है।** हमारी कहानियों की विविधता, जिन तरीके से हम उन्हें बताना चाहते हैं, और हमारे द्वारा साझा किए जाने वाले अलग आयाम, स्वर और विवरण बहुत महत्वपूर्ण रूप से बढ़ेंगे। परिणामस्वरूप, **सर्वाइवरों** के सटीक और प्रामाणिक चित्रण, हमारी मानवता, हमारी ताकत, और हमारी  सार्वभौमिक समुत्थान शक्ति, **सर्वाइवरों** के वर्तमान चित्रणों को मात देंगे, जो हानिकारक पौराणिक कथाओं में डूबे हुए दृश्यरतिक (वॉइयरिस्टिक) और आम तौर पर गलत कहानियों के रूप में काम करते हैं, जो यह दर्शाते हैं कि समुदाय कैसे **सर्वाइवरों को** समझते हैं, उनके बारे में बात करते हैं और उनके साथ व्यवहार करते हैं। इस तरह से मीडिया की शक्ति का लाभ उठाने से एक शक्तिशाली अवसर मिलता है, जिसका तरंग जैसा प्रभाव हमारे क्षेत्र के हर पहलू को छू सकता है।

मीडिया में सर्वाइवरों की महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, यह सुनिश्चित करने के लिए कि मीडिया के अनुभव सुरक्षित और सशक्त हैं, समर्थन के बुनियादी ढांचे को स्थापित करने के लिए बहुत काम करने की आवश्यकता है। इसमें **कॉलेज स्तर के मीडिया पाठ्यक्रमों तक समान पहुँच को सक्षम करने के लिए संसाधनों को निर्देशित करना और आघात-सूचित, सर्वाइवर-केंद्रित प्रथाओं में जुड़ने के लिए मीडिया नेटवर्क की क्षमता में वृद्धि करना शामिल है।** इसके अतिरिक्त, बातचीत में सर्वाइवरों ने वृत्तचित्रों, कला, संगीत परियोजनाओं, रेडियो शो, पॉडकास्ट, यूट्यूब चैनल जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ग्राफिक डिज़ाइन, और अन्य उत्पादन-संबंधित भूमिकाओं सहित सर्वाइवर नेतृत्व के लिए संभावित परियोजनाओं के कई उदाहरण पेश किए।

सत्र का मुख्य बिन्दु: "यदि सर्वाइवर हमारी अपनी कहानियों का प्रतिनिधित्व करने की शक्ति वापस अर्जित करते हैं, तो बहुत सारे कलंकों से लड़ा जाएगा ... सर्वाइवरों के बारे में हमेशा उनकी दुखी कहानियों के अलावा भी बहुत कुछ होता है।"

सर्वाइवरों और सहयोगियों के बीच की बातचीत ने उन समान विषयों पर प्रकाश डाला जो केवल केवल-सर्वाइवर पूर्व-सर्वेक्षण चर्चा में शामिल किए गए थे। **सर्वाइवरों को न्यूज़ रूम में पेशेवर भूमिकाओं में शामिल करने को, सर्वाइवरों के हानिकारक मीडिया चित्रणों की संस्कृति को बदलने और हमारे अनुभवों को बदलने में एक महत्वपूर्ण कदम** के रूप में पेश किया गया। यह तस्करी के अनुभव पर प्रमुख फोकस से हटकर एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ने का भी एक तरीका होगा जहाँ सर्वाइवरों को अपने हितों, कौशल, चिंताओं और अनुभवों के साथ पूर्ण, जटिल लोगों के रूप में दिखाया जाता है।

प्रतिनिधित्व की विविधता में वृद्धि को, विशेष रूप से नस्ल और जेंडर के संबंध में, प्रामाणिक मीडिया चित्रणों में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भी कहा गया। वर्तमान में, पश्चिमी मीडिया में छवियों और विषय सामग्री में सर्वाइवरों के सरलीकृत रूढ़िवादी विवरण का प्रसार जारी है, जिसमें सभी को छोड़कर केवल श्वेत महिलाओं और लड़कियों को शामिल किया गया है जो सार्वजनिक कल्पना के अनुसार यौन तस्करी का अनुभव करती हैं। हालाँकि हो सकता है ये छवियां विश्व स्तर पर प्रचलित न हों, लेकिन फिर भी पश्चिमी देशों के पास अभी भी अंतरराष्ट्रीय तस्करी विरोधी कार्य पर अधिकांश शक्ति, संसाधन और प्रभाव है और इस प्रकार ये हर जगह सर्वाइवरों को

प्रभावित करते हैं। **मुद्दे के सटीक और प्रामाणिक चित्रण के लिए अश्वेत सर्वाइवरों, श्रम तस्करी के सर्वाइवरों, पुरुषों और जेंडर और यौन अल्पसंख्यकों, और अन्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों की आवाज़ और अनुभवों को उठाने के लिए बाधाओं को कम करना आवश्यक है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका से सर्वाइवरों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय सर्वाइवरों की वैश्विक विविधता को दर्शाने वाले प्रतिनिधित्व को भी प्राथमिकता दी गई ।**

| |
|---|
| सत्र का विचार: "सर्वाइवर नेता सार्वजनिक क्षेत्र में वर्तमान गलत बयानी और कहानियों को चुनौती दे सकते हैं और भविष्य को आकार दे सकते हैं।" |

इसके अतिरिक्त, बातचीत में सहयोगियों ने सर्वाइवरों के विशेषज्ञों, नीति को प्रभावित करने वालों और सामाजिक परिवर्तन के नेताओं के रूप में मीडिया चित्रण के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने मीडिया में तस्करी से संबंधित चर्चाओं के लिए प्रामाणिक प्रतिनिधित्व और सर्वाइवर-केंद्रित प्रेरणा सुनिश्चित करने के लिए सर्वाइवरों की फिल्म निर्माताओं, पत्रकारों और अन्य कला स्थलों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिकाओं की भी परिकल्पना की।

## सर्वाइवर शोध की अगुवाई करेंगे

शोध में सर्वाइवर नेतृत्व को व्यापक अप्रयुक्त क्षमता के साथ परिवर्तन के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में देखा गया। हालाँकि कुछ उदाहरण मौजूद हैं जहाँ सर्वाइवर मुख्य शोधकर्ता या सहकर्मी शोधकर्ता (डांग और लेयडेन, 2021; लुंडस्ट्रॉम, 2021; हेनिगर और अन्य, 2020; प्राइस, 2019) के रूप में कार्यरत हैं, लेकिन सर्वाइवरों को आम तौर पर सर्वेक्षण उत्तरदाताओं या शोध साक्षात्कारकर्ताओं के रूप में शोध में भाग लेने के लिए कहा जाता है।

सर्वाइवरों और सहयोगियों ने प्रमुख शोध दृष्टिकोणों की निष्कर्षक प्रकृति पर चर्चा की, जहाँ असमान शोधकर्ता-प्रतिभागी शक्ति के आयाम, तस्करी विरोधी शोध में प्राथमिक पद्धतियों और विधियों को रेखांकित करते हैं। सर्वाइवरों ने सहभागी कार्यवाही शोध (पार्टिसिपेटरी एक्शन रिसर्च - पीएआर) का उल्लेख एक ऐसी पद्धति के रूप में किया, जिसमें इन शक्ति के आयामों को पलटने की क्षमता है और प्रतिभागियों के रूप में शोध प्रक्रिया में संलग्न होने के लाभकारी पहलुओं को आगे बढ़ाते हुए शोध स्थानों में सार्थक सर्वाइवर नेतृत्व के अवसरों को बढ़ाया जा सकता है।

पीएआर विधियों का उपयोग करने से, सर्वाइवरों के पास डेटा संग्रहकर्ता की तुलना में शोध में शामिल होने की संभावना अधिक होगी और वे अध्ययन को डिज़ाइन करने से लेकर उसे लागू करने, परिणामों का विश्लेषण करने, उन्हें साझा करने और वास्तविक दुनिया में परिवर्तन लाने के लिए अध्ययन के परिणामों का उपयोग करने वाले प्रमुख प्रयासों के लिए पूरी प्रक्रिया में शोध टीम के प्रमुख सदस्य होंगे। शोध के क्षेत्र में नेतृत्व सर्वाइवरों को वर्तमान शोध विधियों और कार्यप्रणालियों को चुनौती देने की स्थिति में लाएगा जो सर्वाइवर प्रतिभागियों की मदद नहीं करती हैं और कभी-कभी उन्हें चोट पहुँचाती हैं। यह सवाईवर-केंद्रित शोध प्रथाओं को बढ़ावा देकर, आगे की सोच, ज़मीनी, समाधान-केंद्रित शोध अध्ययनों को बढ़ावा देकर और शोध टीमों और सर्वाइवर प्रतिभागियों के बीच बेहतर संबंध बनाकर किया जा सकता है। इसी तरह, शोध टीमों में सर्वाइवर नेतृत्व होना मूल्यों से संबंधित ढांचे को मज़बूत करेगा ताकि नस्लवाद-विरोधी, कोई नुकसान न करें, शर्म-मुक्त और आलोचना-मुक्त प्रथाओं को सुनिश्चित किया जा सके।

सत्र का विचार: "हो सकता है कि अगले दस वर्षों में, हम [सर्वाइवरों] अपने सहयोगियों के साथ अपना काम करेंगे जो हमारे साथ रहना चाहते हैं," बजाय इसके उल्टा होने के, जैसे कि शायद अभी है।"

शोध में सर्वाइवर की भागीदारी पीएआर विधियों तक सीमित नहीं है। बातचीत के दौरान, सर्वाइवरों ने भागीदारी के लिए अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला के बारे में बात की, कैसे की शोध टीम केवल सर्वाइवर से बने और शोध सलाहकार बोर्डों के नेतृत्व में जिसमें सहयोगी शामिल भी हों।

सर्वाइवरों और सहयोगियों, दोनों ने उल्लेख किया कि शोध में नेतृत्व के अवसरों तक समान पहुँच के लिए प्रशिक्षण और शिक्षा तक पहुँच के माध्यम से क्षमता निर्माण की आवश्यकता है। उसी तरह, उन चीजों पर शोध करना जो सर्वाइवरों के लिए शोध में भाग लेना कठिन बनाते हैं, अकादमिक क्षेत्र में पहुँच और अवसरों को बेहतर बनाने के लिए रणनीतिक मार्गों की पहचान करने में मदद करेगा। संसाधनों तक पहुँच और सर्वाइवरों को शोधकर्ताओं और प्रतिभागियों के बीच शक्ति के आयामों से मार्ग खोजने में मदद करने और भाग लेने या न लेने के बारे में पूरी तरह

से सूचित निर्णय लेने को भी इस क्षेत्र के विकास के महत्वपूर्ण तरीकों के रूप में नामित किया गया।

इस क्षेत्र में सर्वाइवरों के नेतृत्व से ऐसे शोध उत्पाद भी प्राप्त होंगे जो तस्करी विरोधी क्षेत्र में अधिक उपयोगी और कार्यवाही करने के योग्य होंगे। इससे उन रणनीतियों और दृष्टिकोणों को बढ़ावा मिलेगा जो सर्वाइवरों के समुदायों में वास्तविक और दीर्घकालिक परिवर्तन में योगदान देते हैं। सर्वाइवरों ने विभिन्न समुदायों (जैसे, विकलांग और ट्रांस समुदायों) को तस्करी से प्रभावित होने के अनूठे तरीकों को और नस्लीय, जातीय और जेंडर लेंस के माध्यम से देखे जाने पर विविध आबादी के भीतर मौजूद समुदायों की उप-परतों को बेहतर ढंग से समझने के लिए विविध सर्वाइवर इनपुट के मूल्य पर प्रकाश डाला। इसी तरह, शोध में, सर्वाइवर नेतृत्व शोध अध्ययनों के डिज़ाइन और सामयिक फोकस के लिए और अधिक मूल्य जोड़ेगा। शोध के फोकस का विस्तार उन विषयों से आगे भी हो सकता है जो केवल यह जांच करते हैं कि तस्करी कैसे होती है। इससे आगे ताकत-आधारित दृष्टिकोणों की ओर बढ़ा जा सकता है, जो सर्वाइवर की समुत्थान शक्ति (रिजीलीयन्स), समस्या-समाधान क्षमता, और सामुदायिक संस्कृतियों को विकसित करने के लिए नुकसान कम करने के प्रयासों की क्षमता के आयामों को इसमें लाते हैं जो सर्वाइवरों की आजीविका को सक्षम बनाते हैं।

## सर्वाइवर नीतिगत कार्य और पैरवी की अगुवाई करेंगे

पिछले दो दशकों में, तस्करी विरोधी क्षेत्र ने नीति और पैरवी में सर्वाइवर आवाज़ों के गंभीर महत्व को पहचानने में एक लंबा सफर तय किया है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह मान्यता बड़े पैमाने पर सर्वाइवर नेताओं के प्रयासों से आई है, जिन्होंने सभी सरकारी स्तरों पर नीतिगत चर्चाओं को प्रभावित करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाई है। इस कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप, तस्करी के खिलाफ इंडियन लीडरशिप फोरम अगेन्स्ट ट्रैफिकिंग, यूएस एडवाइजरी काउंसिल ऑन ह्यूमन ट्रैफिकिंग, इंटरनेशनल सर्वाइवर्स ऑफ ट्रैफिकिंग एडवाइजरी काउंसिल जैसे निकायों, साथ ही ज़मीनी स्तर के अनगिनत संगठनों ने महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं कि कैसे सर्वाइवर उन नीतियों को आकार देते हैं जो सीधे हमारे जीवन को प्रभावित करती हैं। हालाँकि, यह प्रगति केवल एक शुरुआती बिंदु है और विश्व कांग्रेस की चर्चा ने इस क्षेत्र में निरंतर सुधार की आवश्यकता को दर्शाया है। नीतिगत समर्थन में सर्वाइवर नेतृत्व पर चर्चा में तस्करी से संबंधित नीतियों पर टिप्पणी करने के बजाय

**सृजन के अवसरों तक व्यापक पहुँच को खोलना, नीतिगत कार्यान्वयन पर हितधारकों को सलाह देना, और उनके समुदायों के भीतर विविध सर्वाइवरों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा नीतियों में बदलाव पर प्रतिक्रिया देने जैसे विषयों पर चर्चा हुई।**

| |
|---|
| सत्र का विज़न: "मुझे यह देखकर बहुत खुशी होगी कि [ऐसी दुनिया है जहाँ] नीतियों को सर्वाइवर की राय के बिना पारित नहीं किया जा सकेगा।" |

नीति और पैरवी के स्थानों में सार्थक सर्वाइवर नेतृत्व की कमी ने ऐसे कानून को जन्म दिया है जो सर्वाइवर की ज़रूरतों को पूरा करने में विफल रहता है या आगे नुकसान का कारण बनता है। कानूनों को लागू करना, विशेष रूप से कानून प्रवर्तन प्रतिक्रियाओं के संदर्भ में, जो सर्वाइवरों को अपराधी बनाते हैं, उन्हें सुधार के लिए एक बहुत आवश्यक क्षेत्र के रूप में सामने लाया गया। इस क्षेत्र में सर्वाइवर नेतृत्व इन परिणामों को कम करने के लिए सुविचारित नीतियों और विकासशील रणनीतियों के कारण होने वाले अनपेक्षित नुकसान से बचने के लिए जबरदस्त उपयोगिता ला सकता है। मौजूदा नीतियों के अप्रभावी कार्यान्वयन को इस क्षेत्र में एक अन्य महत्वपूर्ण बाधा के रूप में पहचाना गया। प्रतिभागियों ने वर्णन किया कि अगर कार्यान्वयन और प्रवर्तन प्रयासों को सर्वाइवर नेतृत्व द्वारा समर्थित किया गया होता तो कुछ नीतियों का स्थायी सकारात्मक प्रभाव हो सकता था।

खराब तरीके से तैयार की गई नीति और नीति के खराब कार्यान्वयन, दोनों के लिए सर्वाइवर नेतृत्व को एक प्रभावी समाधान, और स्थायी परिवर्तन के लिए एकमात्र व्यावहारिक मार्ग के रूप में देखा गया। सर्वाइवरों और सहयोगी दोनों ने **सर्वाइवरों की स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर विधायकों, संसद सदस्यों, नीति विश्लेषकों और अन्य राजनीतिक कार्यालयों के पदों के रूप में परिकल्पना की।** ज़मीनी स्तर पर पैरवी के माध्यम से मार्ग प्रशस्त करने वाले सर्वाइवरों को वर्तमान शक्ति के आयामों की यथास्थिति को बदलने और सर्वाइवरों के जीवन में सार्थक और स्थायी परिवर्तन की दिशा में मार्ग खोलने के लिए एक अवसर के रूप में नोट किया गया।

आधिकारिक राजनीतिक पदों के अलावा, नई नीतिगत पहलों पर सर्वाइवरों द्वारा आदान (इनपुट) देने के अवसरों को पूरे क्षेत्र में प्राथमिकता अभ्यास के रूप देखते हुए उनपर चर्चा की गई। इसी

तरह, जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों को परस्पर काटने वाले (इंटरसेक्टिंग) क्षेत्रों में नीतिगत और पैरवी के कार्य में सर्वाइवर की भागीदारी, तस्करी के लिए सबसे कमज़ोर लोगों की ज़मीनी ज़रूरतों को पूरा करने वाली नीतियों को तैयार करने में सर्वाइवर इनपुट के मूल्य का और अधिक लाभ उठा मिलेगा।

## सर्वाइवर क्षमता निर्माण में (सर्वाइवर साथियों के लिए) अगुवाई करेंगे

तस्करी विरोधी कार्य में भाग लेने के लिए अर्थपूर्ण अवसरों तक समान पहुँच के लिए सर्वाइवर नेताओं के क्षमता निर्माण में निवेश की आवश्यकता है। चर्चा ने क्षमता को तस्करी विरोधी कार्य में - सर्वाइवर कौशल, ज्ञान और अनुभव - विकसित करने के रूप में परिभाषित किया। सर्वाइवर की बातचीत के लिए **क्षमता-निर्माण की पहल से पहले या उसके साथ-साथ सर्वाइवर के लिए सुरक्षित घर, आय, भोजन और इंटरनेट की पहुँच जैसी व्यक्तिगत ज़रूरतों को पूरा करने का महत्व सर्वाइवर बातचीत में सबसे मुख्य था।** इसी तरह, स्थानीय समुदायों तक सर्वाइवर पहुँच - जहाँ हम समुदाय के सदस्यों के रूप में सक्रिय रूप से संलग्न होने के लिए गरिमा, सम्मान और सशक्त महसूस करते हैं - वो एक मज़बूत नींव सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो सफलता के लिए सर्वाइवरों को सक्षम करता है और हमें क्षमता-निर्माण के अवसरों का पूरी तरह से लाभ उठाने में सक्षम बनाता है।

सत्र का मुख्य बिन्दु: "क्षमता निर्माण वास्तव में पहले स्थानीय समुदायों के सक्रिय सदस्य बनने [की आवश्यकता] में सर्वाइवर का समर्थन कर सकता है"।

**सर्वाइवर समुदाय और संपर्क को सर्वाइवर पेशेवर विकास और नेतृत्व के लिए आवश्यक माना गया। मेंटरशिप, पीयर सपोर्ट और साझा ज्ञानवर्धन के लिए सर्वाइवर नेटवर्क को एक मज़बूत कारक के रूप में देखा गया।** स्थानीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाइवरों के बीच समुदाय, नेटवर्क और एकजुटता का निर्माण करना, व्यक्तिगत सर्वाइवरों और क्षेत्र की भलाई के लिए सर्वाइवर शक्ति और क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करने का मार्ग है। क्षमता निर्माण में सर्वाइवर विविधता को दर्शाने के लिए वैश्विक सर्वाइवर एकता को समान रूप से महत्वपूर्ण माना गया।

**सर्वाइवर और सहयोगी चर्चा, दोनों में कौशल और अवसर पर जोर दिया गया जो सर्वाइवर आबादी की व्यापक विविधता और सर्वाइवर समुदाय के भीतर विशेषाधिकार के स्तरीकरण को दर्शाते हैं।** इस विविधता के लिए स्थानीय समुदाय और व्यक्तिगत संदर्भ को दर्शाने के लिए क्षमता-निर्माण प्रयासों की आवश्यकता होती है, जहाँ सभी सर्वाइवरों के लिए निरंतर सीखने और विकास का समर्थन करने के लिए साक्षरता से

लेकर उच्च-स्तरीय व्यावसायिक विकास कौशल तक की आवश्यकता होती है। सर्वाइवरों ने क्षमता निर्माण की पहल में पश्चिमी नेतृत्व मॉडल के प्रभुत्व पर भी सवाल उठाया और महसूस किया कि वैश्विक नेतृत्व शैलियों को बढ़ावा देने वाली पहल पर भविष्य के लिए विचार किया जाना चाहिए।

सर्वाइवरों ने अनुभव के माध्यम से पेशेवर कौशल बनाने और क्षेत्र में अपना स्थान खोजने के लिए विविध प्रवेश-स्तर के अवसरों तक पहुँच के महत्व पर प्रकाश डाला। कई सर्वाइवरों के लिए, पेशेवर अवसरों तक पहुँच अभाव के लिए ज़रूरी है कि संगठन और एजेंसियां पेशेवर अनुभव की कमी पर ज़ोर देने के बजाय जिए गए नुभव को विशेषाधिकार दें ताकि सर्वाइवर क्षेत्र में पेशेवर कौशल का निर्माण शुरू कर सकें। इसके लिए सर्वाइवर-केंद्रित नियुक्ति और भर्ती प्रक्रियाओं की और जिए गए अनुभव इस क्षेत्र में पेशेवर कौशल सेट को किस तरह बेहतर बना सकते हैं इस बात की एक सच्ची समझ की ज़रूरत है।

**सत्र का मुख्य बिन्दु:** "कलंक और रूढ़ियों को संबोधित करें - पहले हमें सर्वाइवर नेतृत्व में, और सर्वाइवर नेताओं में उत्कृष्टता के साथ और नए तरीकों से नेतृत्व करने की क्षमता है इसमें विश्वास करने की आवश्यकता है (न कि सिर्फ बातें बनाना)।"

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सर्वाइवरों को उनके समय के लिए मुआवजा दिया जाए, फिर जिए गए अनुभव से हम पेशेवर विशेषज्ञता के स्पेक्ट्रम[5] पर भले ही कहीं भी हों। क्षमता-निर्माण की पहल तक पहुँच के लिए सर्वाइवरों को उनके समय के लिए मुआवजा देने की आवश्यकता होती है; यह सुनिश्चित करता है कि सामाजिक-आर्थिक विशेषाधिकार कौशल-निर्माण कार्यक्रमों में सर्वाइवर के शामिल होने के लिए निर्धारक नहीं है। इसी तरह, सर्वाइवर नेता की पहुँच और डोनर प्राथमिकताओं तक प्रभाव, सर्वाइवर और फंडरों के बीच संचार के अंतर को बंद करने के लिए आवश्यक है ताकि फंडिंग प्रवाह उन कार्यक्रमों की ओर जा सकें जिनका प्रभाव दीर्घकालिक है।

## मॉनिटरिंग, मूल्यांकन, और ज्ञानवर्धन (एमईएल)

विश्व कांग्रेस के एमईएल ढांचे ने चार उद्देश्यों की प्रगति और उपलब्धि को मापने के लिए परिवर्तन के विशिष्ट संकेतकों का उपयोग किया। आरएसवीपी सूचियों, कार्यशाला पंजीकरण, साथ ही कांग्रेस के कार्यक्रम के बाद सर्वाइवरों और सहयोगियों को भेजे गए सर्वेक्षण जैसे आंतरिक स्रोतों के माध्यम से डेटा एकत्र किया गया। प्रतिशत परिवर्तन को मापने वाले सर्वेक्षण प्रश्नों के लिए, 'दृढ़ता से सहमत' से लेकर 'पूरी तरह से

[5] पॉवर्स, एल. (2019)। एक्सपीरियंस टू एक्सपर्टीज़। सर्वाइवर एलायंस सीबीआई लीडरशिप ट्रेनिंग मैनुअल (p19).

असहमत' तक के 5-बिंदु वाले लिकर्ट पैमानों का उपयोग किया गया। नीचे दी गई तालिका प्रत्येक उद्देश्य के मुख्य प्रभाव क्षेत्रों के लिए सर्वेक्षण डेटा पर प्रकाश डालती है।

**तालिका 3: एमईएल परिणाम**

| उद्देश्य | संकेतक | परिणाम |
|---|---|---|
| 1. तस्करी विरोधी प्रयासों में शामिल होने के लिए सर्वाइवर एलायंस के नेताओं की नेतृत्व क्षमता का निर्माण | तस्करी विरोधी प्रयासों में नेताओं के रूप में भाग लेने के लिए आत्मविश्वास में वृद्धि | → विश्व कांग्रेस के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, सर्वाइवर उत्तरदाताओं में से 46.15% (संख्या = 52) 'पूरी तरह से सहमत' और 36.12% 'सहमत' थे कि अपने नेतृत्व कौशल के बारे में उनका आत्मविश्वास बढ़ा था।<br>→ सर्वाइवर उत्तरदाताओं में से 51.9% (संख्या = 52) 'पूरी तरह से सहमत' और 40.38% 'सहमत' थे कि कांग्रेस ने तस्करी विरोधी प्रयासों पर सकारात्मक प्रभाव डालने की उनकी क्षमता में सीधे तौर पर विश्वास बढ़ाया है। |
| | तस्करी विरोधी क्षेत्र के बारे में ज्ञान में वृद्धि | → विश्व कांग्रेस के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, सर्वाइवर उत्तरदाताओं (संख्या = 52) के 44.23% 'पूरी तरह से सहमत' और 38.26% 'सहमत' थे कि उनकी भागीदारी ने नैतिक कहानी कहने के उनके ज्ञान में वृद्धि की। |
| | सर्वाइवर नेता के रूप में आघात के प्रबंधन से संबंधित बेहतर क्षमताएं | → विश्व कांग्रेस के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, सर्वाइवर उत्तरदाताओं में से 48% (संख्या = 52) 'पूरी तरह से सहमत' थे कि कांग्रेस ने उनकी भलाई का समर्थन करने के लिए कदम उठाने के लिए उनकी क्षमताओं में सुधार किया। |
| | | |
| | अन्य सर्वाइवरों के साथ नए संबंध बनाने से | → विश्व कांग्रेस के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, सर्वाइवर उत्तरदाताओं में से 44.23% (संख्या = |

| | | |
|---|---|---|
| 2. अंतरराष्ट्रीय सर्वाइवर नेता सहयोग को बढ़ावा देना | संबंधित आत्मविश्वास में वृद्धि | 52) 'पूरी तरह से सहमत' और 42.32% 'सहमत' थे कि उन्होंने अन्य सर्वाइवरों के साथ नए संबंध बनाने में विश्वास बढ़ाया। |
| | दुनिया भर में सर्वाइवरों के साथ एकजुटता बनाने के लिए ज्ञान और बेहतर क्षमताओं में वृद्धि | → विश्व कांग्रेस के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, सर्वाइवर उत्तरदाताओं में से 48.08% (संख्या = 52) 'पूरी तरह से सहमत' थे, और 44.23% सहमत थे कि कांग्रेस ने अन्य सर्वाइवरों के साथ एकजुटता बनाने के लिए उनकी क्षमताओं में सुधार किया।<br>→ 43.14% 'पूरी तरह से सहमत' (संख्या = 52) और 39.22% 'सहमत' थे कि कांग्रेस ने अन्य देशों में सर्वाइवर नेताओं के अनुभव की चुनौतियों और अवसरों के बारे में सीधे उनके ज्ञान में वृद्धि की है। |
| | | |
| 3. एक बहु-हितधारक, तस्करी विरोधी विचारकों के बहुराष्ट्रीय समूह का आयोजन करना | रिमोट सेटिंग में तस्करी विरोधी पेशेवरों की विविध वैश्विक उपस्थिति | → लगभग 10 देशों के 200 सर्वाइवर नेताओं और लगभग 60 सहयोगियों (फिलैन्थ्रोपी/डोनर, प्रत्यक्ष सेवा प्रदाताओं, शोधकर्ताओं और अन्य गैर सरकारी संगठनों सहित) ने कांग्रेस में भाग लिया। |
| | सर्वाइवर नेता सहकर्मी पेशेवर नेटवर्क में वृद्धि और सर्वाइवर नेता-सहयोगी पेशेवर नेटवर्क में वृद्धि | → विश्व कांग्रेस के दौरान सहयोगी और सर्वाइवर 16 संयुक्त सत्रों में शामिल हुए<br>→ 11 सहयोगियों और 11 सर्वाइवरों ने विश्व कांग्रेस के दौरान 11 सत्रों में सह-संचालन प्रदान किया।<br>→ 10 सर्वाइवरों ने योजना समिति में एक साथ काम किया। |

| | | |
|---|---|---|
| | | → 14 सहयोगियों ने पूरी विश्व कांग्रेस में वॉलंटियरों के रूप में कार्य किया। |
| | | |
| 4. सर्वाइवर नेताओं के साथ सहयोग करने के लिए सहयोगियों की क्षमता बढ़ाना | सर्वाइवर नेताओं के साथ सहयोग करने के लिए ज्ञान में बढ़ोतरी और बेहतर क्षमताएं | → विश्व कांग्रेस के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, सहयोगी उत्तरदाताओं के 51.43% (संख्या = 35) 'पूरी तरह से सहमत' और 42.86% 'सहमत' थे, कि उनकी भागीदारी ने तस्करी विरोधी आंदोलन में सर्वाइवर नेताओं के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में उनके ज्ञान में वृद्धि की।<br>→ विश्व कांग्रेस के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, 58.82% सहयोगी उत्तरदाताओं (संख्या = 35) 'पूरी तरह से सहमत' और 32.35% 'सहमत' थे, कि उनकी भागीदारी ने तस्करी विरोधी क्षेत्र के लिए प्राथमिकताओं के संबंध में सर्वाइवर नेताओं के दृष्टिकोण के बारे में उनके ज्ञान में वृद्धि की।<br>→ विश्व कांग्रेस के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, सहयोगी प्रतिभागियों के 28.57% (संख्या = 35) इस बात पर 'पूरी तरह से सहमत' और 60% 'सहमत' थे कि उनकी भागीदारी ने उनके काम को सूचित करने के लिए सर्वाइवर नेताओं के साथ सहयोग करने की उनकी क्षमताओं में सुधार किया।<br>→ विश्व कांग्रेस के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, सहयोगी प्रतिभागियों में से 22.86% (संख्या = 35) इस बात पर 'पूरी तरह से सहमत' और 60% 'सहमत' थे कि उनकी भागीदारी ने सर्वाइवर नेताओं के लिए तस्करी विरोधी कार्य |

| | | |
|---|---|---|
| | | को सूचित करने के लिए विशिष्ट, वैतनिक भूमिकाओं की पहचान करने की उनकी क्षमताओं में सुधार किया। |

# सीमाएं और सीखे गए सबक

## न्यायसंगत पहुँच

फंडिंग की कमी की वास्तविकताओं और सर्वाइवर एलायंस के मूल्यों को बनाए रखने और विश्व कांग्रेस के दृष्टिकोण को प्राप्त करने हेतु आवश्यक जटिल कार्यान्वयन प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त धन को प्राथमिकता को देखते हुए, योजना समिति पूरी तरह से वॉलंटियर आधारित थी। हालाँकि इसके कारण एसए सदस्य की भागीदारी की न्यायसंगत पहुँच के लिए सीमाएं थीं, भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सोच विचार किए गए जिससे योजना समिति की टीम के हिस्से के रूप में टीम के सदस्यों को विभिन्न तरीकों से लाभ मिला, जिसमें विस्तारित पेशेवर नेटवर्क और एक अंतरराष्ट्रीय तस्करी विरोधी आयोजन की योजना बनाने का अनुभव - एक ऐसा अवसर जो पहले विशेष रूप से केवल सहयोगियों द्वारा आयोजित किया जाता था - शामिल थे ।

## कोविड -19

कोविड -19 महामारी के चरम के दौरान एक वैश्विक आयोजन की योजना बनाने ने मूल विश्व कांग्रेस के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए कई चुनौतियाँ प्रस्तुत कीं। विशेष रूप से, प्रतिभागियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए व्यक्तिगत रूप से सभा आयोजित करने के मूल इरादे को बदला गया। कार्यक्रम की समय-सीमा भी बदल गई। शुरू में अक्टूबर 2019 में शुरू करने का इरादा था, विश्व कांग्रेस की योजना अगस्त 2020 तक शुरू नहीं हुई थी क्योंकि सर्वाइवर एलायंस और तस्करी विरोधी समुदाय ने प्राथमिकताओं में बदलाव किया और उन सर्वाइवरों के समर्थन में क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जिनकी आजीविका गंभीर रूप से बाधित थी। इसके अतिरिक्त, तस्करी विरोधी क्षेत्र में प्राथमिकताओं में आवश्यक बदलाव ने संगठन की विश्व कांग्रेस के लिए धन जुटाने की क्षमता को महामारी की वास्तविकता में सर्वाइवरों की तत्काल ज़रूरतों के लिए संसाधनों के पुनर्निर्देशन का समर्थन करने के लिए सीमित कर दिया।

## ऑनलाइन वैश्विक आयोजन

विश्व कांग्रेस को एक ऑनलाइन कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने के निर्णय ने योजना प्रक्रिया में महत्वपूर्ण जटिलता जोड़ दी। टेक्नालजी और भाषा तक समान पहुँच के बारे में विचार करने के लिए समय और संसाधनों के महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता थी। यद्यपि योजना समिति ने इन चुनौतियों में से कई के लिए विचारशील और रचनात्मक समाधान ढूंढ निकाले, कार्यान्वयन से भविष्य के नियोजन प्रयासों को सूचित करने के लिए कुछ सबक भी सीखे गए।

वॉलंटियर भाषा दुभाषियों (इंटरप्रिटर) का उपयोग करना किफ़ायती है, लेकिन व्यावहारिक नहीं है जब तक कि वॉलंटियर पहले से अनुवाद सॉफ़्टवेयर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध न हों। जो लोग प्रशिक्षण में शामिल नहीं हुए, उन्हें सॉफ़्टवेयर की बारीकियों को समझने या समस्या होने पर समस्या निवारण के लिए संघर्ष करना पड़ा। इसके अलावा, वॉलंटियरों ने हमेशा अपनी शिफ्ट नहीं निभाई, जिससे प्रतिभागियों को कार्यशाला की सामग्री को समझने में एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। कई भाषाओं में एक साथ अनुवाद प्रदान करने की लागत बहुत अधिक थी। जो डिजिटल प्लेटफॉर्म हमें अपनी ज़रूरतों के लिए सबसे उपयुक्त लगा था, उसके लिए अनुवाद के लिए उनकी भागीदार कंपनी का उपयोग करना आवश्यक था। हमने उनके द्वारा मांगी गई लागतों के लिए बजट नहीं रखा था।

## इसके आगे क्या है?

यद्यपि विश्व कांग्रेस एक वर्ष पहले समाप्त हो गई थी, सर्वाइवर एलायंस ने विश्व कांग्रेस में शुरू किए गए कार्य को आगे बढ़ाना जारी रखा। इस अनुभव ने हमारी स्टाफ टीम, सदस्यों और सहयोगियों को बातचीत और प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने, और अगले दशक में सर्वाइवर नेतृत्व के लिए एक कार्य योजना विकसित करने की प्रक्रिया तैयार करने की इच्छा के साथ छोड़ा।

इसके परिणाम स्वरूप, सर्वाइवर एलायंस ने कार्य योजना विकसित करने के लिए एक रणनीति बनाने और कार्यान्वित करने के लिए एक आंदोलन निर्माण पोर्टफोलियो शुरू किया। जुलाई 2021 से, निम्नलिखित हमारे पास है:

- सभी प्रतिभागियों के हमारे फीडबैक सर्वेक्षण से समीक्षित डेटा
- अपने आंदोलन निर्माण (मूवमेंट बिल्डिंग) पोर्टफोलियो के लिए आवेदन किया और फंडिंग प्राप्त की
- एक आंदोलन निर्माण निदेशक और समन्वयक को काम पर रखा
- आंदोलन निर्माण के लिए हमारे दृष्टिकोण और ढांचे की समीक्षा करने के लिए सहयोगियों और सर्वाइवरों के साथ बातचीत की

- आगे बढ़ने वाले सर्वाइवर नेताओं के साथ सार्थक जुड़ाव सुनिश्चित करने के लिए एक भागीदारी पद्धति विकसित की
- कार्यप्रणाली के सूत्रधार के रूप में काम करने के लिए सर्वाइवर लीडर सलाहकार को भर्ती किया, काम पर रखा और साथ जोड़ा

सर्वाइवर और सहयोगियों के साथ हमारी बातचीत से एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि यह थी कि सर्वाइवर नेताओं और पेशेवर सहयोगियों के बीच शक्ति असंतुलन को निरंतर प्रबंधित करने की आवश्यकता है। परिणाम स्वरूप, सहयोगियों और सर्वाइवरों के साथ मिलकर काम करने - जैसा कि हमने शुरू में योजना बनाई थी - के बजाय हमने तय किया कि एक पूरी तरह से सर्वाइवर के नेतृत्व वाली और सूचित कार्य योजना स्व-नेतृत्व वाले सामाजिक न्याय आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है, जहाँ आंदोलन का केंद्र बिन्दु सर्वाइवर हैं और वे परिवर्तन के लिए कार्यवाही को प्रेरित कर रहे हैं। हम अपनी प्रक्रिया पर अपडेट प्रदान करने और अतिरिक्त इनपुट प्राप्त करने के लिए अपने सहयोगियों के साथ अलग-अलग बातचीत करते रहें हैं और करते रहेंगे।

**हमारी कार्यप्रणाली का पहला घटक सर्वाइवर नेताओं से योगदान की व्यापकता का विस्तार करना था।** यह स्वीकार करते हुए कि विश्व स्तर पर विश्व कांग्रेस वास्तव में हमारे प्रतिभागी जनसांख्यिकी की प्रतिनिधि नहीं थी, हम सर्वाइवर नेतृत्व के लिए एक साझा विज़न बनाने में अधिक आवाज़ों को शामिल करना चाहते थे। जुलाई और अगस्त 2022 के दौरान, 20 देशों के 150 से अधिक सर्वाइवर नेता सामूहिक रूप से सपने देखने के लिए बारह परिकल्पना (विजनिंग) कार्यशालाओं में से एक में शामिल हुए कि वे तस्करी विरोधी और दासता विरोधी आंदोलन में सर्वाइवर नेतृत्व को कैसे देखना और अनुभव करना चाहते हैं। इन विज़निंग कार्यशालाओं के डेटा, इस रिपोर्ट में प्रस्तुत डेटा के साथ, हमारी कार्यप्रणाली के अगले चरण में उपयोग किए जाएंगे।

**इसके बाद, हम उस विज़न के आधार पर एक कार्य योजना के सह-निर्माण पर केंद्रित कार्य समूहों की मेज़बानी करेंगे।** कार्य समूहों में, छह कार्य समूहों में संगठित 60 सर्वाइवर नेता शामिल होंगे। छह महीनों में, वर्किंग ग्रुप सर्वाइवर नेताओं को रणनीति बनाने, एक दूसरे से जुड़ने और सीखने के लिए एक स्थान प्रदान करेगा। साथ ही यह स्थान एक अंतर्क्षेत्रीय (इंटरसेक्शनल) और समावेशी आंदोलन का निर्माण करने के लिए कार्य करेगा जो वास्तव में दासता और मानव तस्करी से सर्वाइवरों द्वारा, उनका और उनके लिए होगा। हमें उम्मीद है कि इस कार्य योजना को जुलाई 2023 में पूरा कर लिया जाएगा।

इसे पढ़ने वाले हमारे सहयोगियों के लिए, हम आशा करते हैं कि जारी की गयी कार्य योजना को लागू करने के लिए आप हमारे साथ सहयोग करना जारी रखेंगे। जैसा कि आप जानते हैं, सर्वाइवर एलायंस का मानना है कि जिए गए अनुभव वाले लोगों को आंदोलन के केंद्र में होना चाहिए। लेकिन हम उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए अपने सहयोगियों के जुड़ाव और प्रतिबद्धता में भी विश्वास और भरोसा करते हैं।

कोविड -19 महामारी के दौरान कई अन्य क्षेत्रों और आंदोलनों की तरह, हमें भी ऑनलाइन जुड़ना, समुदाय बनाना और अपनी रणनीतियों को आगे बढ़ाना सीखना पड़ा है। अभी के लिए, सर्वाइवर एलायंस ऐसा करना जारी रखेगा ताकि वैश्विक दूरी में आसान पहुँच और अधिक संपर्क/जुड़ाव सक्षम हो सके। हम दुनिया भर में मानव तस्करी के सर्वाइवरों को एकजुट और सशक्त बनाने के लिए व्यक्तिगत रूप से मिलने और आगे की बातचीत और सहयोगात्मक कार्यवाही में शामिल होने की संभावना की भी प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# संदर्भ


Charuvastra, A. & Cloitre, M. (2008).Social bonds and posttraumatic stress disorder. Annu Rev Psychol. 59:301-28. doi: 10.1146/annurev.psych.58.110405.085650.

Dang, M. & Leyden, S.H. (2021). Psychological well-being for survivors: Creating a new legacy. In M. Chisolm-Straker and K. Chon (Eds.), The Historical Roots of Human Trafficking (pp.305-327). Switzerland: Springer Nature. https://www.springer.com/gp/book/9783030706746

Henninger, A.M., Smith, J., Powers, L., & Balchi, A. (2020). *Peer-led support groups: Overview of the empirical research and implications for individuals who have experienced trafficking and substance use disorder*. National Human Trafficking Training and Technical Assistance Center.

Kazemi, M., Honarvar, B., Heydari, S.T. *et al.* (2021). Happiness in marginalized populations: a community–based study in South Central Iran. *BMC Psychol* 9, 58. https://doi.org/10.1186/s40359-021-00545-2

Lundstrom, M. (2021). "Reality Written for the Privileged Few: A Review of Erased: The Impact of FOSTA-SESTA By Danielle Blunt and Ariel Wolf," Dignity: A Journal of Analysis of Exploitation and Violence: Vol. 6: Iss. 3, Article 5. DOI: 10.23860/dignity.2021.06.03.05 Available at: https://digitalcommons.uri.edu/dignity/vol6/iss3/5https://digitalcommons.uri.edu/dignity/ vol6/iss3/5

Powers, L. (2019). “Experience to expertise spectrum”. Survivor Alliance CBI Leadership Training Manual. 19.

Price, K. A. (2019). "Defining Worthy Victims: State-Level Legislative Decisions to Prevent the Criminalization of Commercially Sexually Exploited Children in the United States" *Graduate Doctoral Dissertations*. 515. https://scholarworks.umb.edu/doctoral_dissertations/515

Schultz, K., Cattaneo, L. B., Sabina, C., Brunner, L., Jackson, S., & Serrata, J. V. (2016). Key roles of community connectedness in healing from trauma. *Psychology of Violence, 6*(1), 42–48. https://doi.org/10.1037/vio0000025